स.क्र.	कृषक का नाम	सर्वे नम्बर	कुल निजी रकबा हेक्टर	कुल अर्जित रकबा असिंचित	कुल अर्जित रकबा सिंचित
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	हरिशंकर पिता गुलाब जाति कुल्मी निवासी पता औसरना भूमि स्वामी.	54	1.340	0.000	0.160
2	रामनारायण पिता मांगीलाल जाति कुल्मी निवासी पता औसरना भूमि स्वामी.	48	0.540	0.000	0.080
3.	भेरूलाल पिता अमरलाल जाति कुल्मी पता निवासी औसरना भूमि स्वामी.	47/1	1.340	0.000	0.147
4	गोमतीबाई पति ओमप्रकाश जाति पाटीदार निवासी पता औसनरा भूमि स्वामी.	49	0.840	0.000	0.024
5	ओमप्रकाश पिता अमरलाल जाति कुल्मी निवासी पता (मोखमपुरा) औसरना भूमि स्वामी.	47/2	1.330	0.000	0.048
6	सियाराम पिता अमरलाल जाति कुल्मी निवासी पता (मोखमपुरा) औसरना भूमि स्वामी.	47/3	1.340	0.000	0.024
7	रामलाल पिता कुशल राज जाति कुल्मी निवासी पता औसरना भूमि स्वामी.	29	1.240	0.000	0.208
8	भंवरलाल, भारतराम, कन्हैयालाल पिता नाथुलाल आ. पा. कार्ता. शंकरलाल पिता जयराम कुल्मी निवासी पता सम्मतखेडी भूमि स्वामी.	26	7.720	0.000	0.297

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
9	कन्हैयालाल, हुकुमचन्द्र, भारतराम, गोपाल पिता किशनलाल जाति कुम्हार, पता निवासी मोखमपुरा भूमि स्वामी.	23	0.790	0.000	0.336
10	मगेरसिंह पिता रामनारायण मीणा निवासी मोखमपुरा भूमि स्वामी.	182/मिन 6	0.940	0.000	0.243
11	मानसिंह पिता महादेव जाति मीणा निवासी मोखमपुरा भूमि स्वामी.	183/2	1.850	0.000	0.128
12	हरलाल पिता भवानीलाल नानी बाई, भवानीलाल जाति मीणा निवासी पता मोखमपुरा भूमि स्वामी.	183/1	1.850	0.000	0.128
13	मुन्नालाल पिता घनसीराम जाति कुम्हार निवासी पता मोखमपुरा भूमि स्वामी.	192/1	1.300	0.000	0.156
14	वरदीलाल पिता घनसीराम जाति कुम्हार निवासी पता मोखमपुरा भूमि स्वामी.	192/2	1.290	0.000	0.156
15	अशोक कुमार पिता भवानीशंकर जाति कुल्मी निवासी पता मोखमपुरा भूमि स्वामी.	204	1.830	0.000	0.286
16	राजेन्द्र कुमार पिता बिहारीलाल जाति मीणा निवासी पता मोखमपुरा भूमि स्वामी.	202	1.170	0.000	0.323
17	लालचन्द्र पिता लक्ष्मीनारायण जाति मीणा निवासी पता मोखमपुरा भूमि स्वामी.	222/1	0.550	0.000	0.077
18	बिहारीलाल पिता बापूलाल जाति मीणा निवासी पता मोखमपुरा भूमि स्वामी.	212	1.040	0.000	0.025
19	लालचन्द्र पिता महादेव जाति मीणा निवासी पता मोखमपुरा भूमि स्वामी.	213	1.940	0.000	0.055
20	अल्लाह एहसान, सफी मोहम्मद, ईसाक मोहम्मद पिता नूर मोहम्मद मुसलमान भूमि स्वामी.	219	1.500	0.000	0.170
21	श्यामूबाई पिता रामनारायण जाति मीणा निवासी पता मोखमपुरा भूमि स्वामी.	214 217/1	0.860 0.540	0.000	0.010 0.120
22	परमानन्द पिता मोतीलाल जाति कुल्मी निवासी पता औसरना भूमि स्वामी.	215	1.510	0.000	0.140
		कुल रकबा. .	**33.250**	**0.000**	**3.341**

नोट.—भूमि का नक्शा (प्लान) निरीक्षण, भू-अर्जन अधिकारी, उपखण्ड गरोठ के कार्यालय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
स्वतंत्र कुमार सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला राजगढ़ (ब्यावरा), मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

राजगढ़ (ब्यावरा), दिनांक 21 सितम्बर 2016

क्र. भू-अर्जन-2015.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (7) में उसके सामने लिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है.

प्र. क्र. 11-अ-82-2013-2014.—चूंकि, राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है, कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक 1 में मोहनपुरा वृहद सिंचाई परियोजना तहसील राजगढ़, जिला राजगढ़ की ग्राम बीरमपुरा के लिए डूब क्षेत्र में शेष वर्णित भूमि जिसका कृषकवार सर्वे क्रमवार विवरण अनुसूची 2 में उल्लेखित है. अतः भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्र. 30 सन् 2013) की धारा 11 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची (2) की भूमि की अनुसूची (1) में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है. चूंकि मोहनपुरा वृहद सिंचाई परियोजना का निर्माण पूर्व से चल है एवं इस हेतु अधिकांश भूमि का अर्जन किया जा चुका है और इस कारण धारा 11(3) के तहत सामाजिक समाघात निर्धारित रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है :—

अनुसूची (1)

मोहनपुरा वृहद सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र में शेष प्रभावित भूमि

तहसील-राजगढ़

स.क्र.	विवरण	अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (हे.)		
		सिंचित	असिंचित	योग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	बीरमपुरा	7.447	24.539	31.986
	कुल योग . .	7.447	24.539	31.986

अनुसूची (2)

मोहनपुरा वृहद सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र में शेष प्रभावित भूमि—ग्राम बीरमपुरा

स.क्र.	प्रभावित कृषक का नाम	खसरा नम्बर	रकबा	प्रस्तावित भूमि		
				सिंचित	असिंचित	कुल भूमि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	कंचनबाई पिता श्रीलाल जाति लोड़ा	9/7	0.228	0.000	0.100	0.000
		25/7	0.160	0.000	0.160	0.160
		43/4	0.070	0.000	0.041	0.041
		44/7	0.170	0.000	0.055	0.055
		45/7	0.190	0.065	0.000	0.065
		79	0.100	0.000	0.063	0.063
		82/7	0.400	0.000	0.071	0.071
		83/1/7	0.210	0.000	0.048	0.048
	योग . .		1.528	0.065	0.538	0.603
2	किशनलाल पिता गोपीलाल जाति लोड़ा	5/4	0.500	0.000	0.010	0.010
		7/4	0.100	0.000	0.010	0.010

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
		84/4	0.310	0.000	0.036	0.036
		86/4	0.040	0.000	0.020	0.020
		107/4	0.010	0.000	0.008	0.008
		108/4	0.012	0.000	0.012	0.012
		111/1	0.010	0.000	0.010	0.010
		112/4	0.020	0.000	0.007	0.007
		113/4	0.080	0.000	0.004	0.004
		116/4	0.022	0.000	0.022	0.022
		27/4	0.051	0.000	0.051	0.051
		28/2	0.003	0.000	0.003	0.003
		29/1	0.012	0.000	0.012	0.012
		30/4	0.023	0.000	0.023	0.023
	योग . .		1.193	0.000	0.228	0.228
3	किशनलाल पिता रामसिंह, जाति लोड़ा	5/2	0.350	0.000	0.010	0.010
		7/2	0.140	0.000	0.010	0.010
		77/2	0.240	0.000	0.038	0.038
		84/2	0.410	0.000	0.047	0.047
		86/2	0.060	0.000	0.030	0.030
		107/2	0.017	0.000	0.008	0.008
		108/2	0.100	0.000	0.015	0.015
		110/2	0.070	0.000	0.013	0.013
		112/2	0.020	0.000	0.011	0.011
		113/2	0.025	0.000	0.006	0.006
		114/2	0.150	0.000	0.008	0.008
		27/2	0.067	0.000	0.067	0.067
		29/2	0.004	0.000	0.004	0.004
		30/2	0.032	0.000	0.032	0.032
	योग . .		1.685	0.000	0.299	0.299
4	गंगाराम पिता किशनलाल जाति लोड़ा	109	0.060	0.013	0.000	0.013
	योग . .		0.060	0.013	0.000	0.013
5	गोरेलाल पिता रतन, जाति लोड़ा	115/1/3	0.670	0.000	0.354	0.354
	योग . .		0.670	0.000	0.354	0.354
6	चेना पिता देवीराम जाति लोड़ा	5/6	0.500	0.000	0.050	0.050
		7/7	0.210	0.000	0.026	0.026
		84/7	0.170	0.000	0.035	0.035
		107/7	0.080	0.000	0.060	0.060
		108/7	0.010	0.000	0.010	0.010
		112/7	0.010	0.000	0.010	0.010
		113/7	0.020	0.000	0.005	0.005
		27/7	0.050	0.000	0.050	0.050

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
		29/7	0.004	0.000	0.004	0.004
		30/7	0.024	0.000	0.024	0.024
	योग . .		1.078	0.000	0.274	0.274
7	प्रेमबाई बेवा बनेसिंह, जाति लोड़ा	5/3	0.330	0.000	0.010	0.010
		7/3	0.140	0.000	0.010	0.010
		84/3	0.410	0.000	0.047	0.047
		86/3	0.060	0.000	0.030	0.030
		107/3	0.016	0.000	0.008	0.008
		108/3	0.100	0.000	0.018	0.018
		110/3	0.100	0.000	0.013	0.013
		112/3	0.020	0.000	0.007	0.007
		27/3	0.067	0.000	0.067	0.067
		29/3	0.005	0.000	0.005	0.005
		30/3	0.033	0.000	0.033	0.033
	योग . .		1.281	0.000	0.248	0.248
8	भंवरलाल पिता रामसिंह जाति लोड़ा	5/1	0.340	0.000	0.010	0.010
		7/1	0.130	0.000	0.010	0.010
		84/1	0.240	0.044	0.000	0.044
		86/1	0.410	0.000	0.030	0.030
		107/1	0.120	0.000	0.008	0.008
		108/1	0.015	0.000	0.015	0.015
		110/1	0.100	0.000	0.012	0.012
		112/1	0.060	0.000	0.010	0.010
		113/1	0.020	0.000	0.006	0.006
		114/1	0.020	0.000	0.009	0.009
		27/1	0.067	0.000	0.067	0.067
		28/1	0.003	0.000	0.003	0.003
		30/1	0.032	0.000	0.009	0.009
	योग . .		1.557	0.044	0.189	0.233
9	मोड़सिंह मांगीलाल केशरसिंह पिता अमरसिंह जाति लोड़ा	14/1/4	0.050	0.000	0.042	0.042
		43/1	0.060	0.041	0.000	0.041
		47/4	0.460	0.000	0.307	0.307
		68/4	0.660	0.000	0.038	0.038
		71	0.500	0.000	0.030	0.030
		82/4	0.400	0.000	0.070	0.070
		83/1/4	0.210	0.000	0.049	0.049
		25/4	0.199	0.000	0.199	0.199
		44/4	0.054	0.000	0.054	0.054
		45/4	0.065	0.000	0.065	0.065
		46/4	0.174	0.174	0.000	0.174
		47/4	0.307	0.307	0.000	0.307
		54/4	0.177	0.000	0.177	0.177
	योग . .		3.316	0.522	1.031	1.553

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
10	रोड़या पिता गोरीलाल जाति लोड़ा	140/5/4	0.190	0.000	0.063	0.063
		144/4	0.096	0.000	0.040	0.040
		25/1/1	0.049	0.000	0.049	0.049
		44/1/3	0.014	0.000	0.014	0.014
		47/1/3	0.077	0.000	0.077	0.077
		54/1/2	0.044	0.000	0.044	0.044
	योग . .		0.470	0.000	0.287	0.287
11	रतनलाल पिता देवीराम लोड़ा	84/5	0.180	0.000	0.036	0.036
		86/5	0.310	0.000	0.030	0.030
		107/5	0.080	0.000	0.008	0.008
		108/5	0.012	0.000	0.012	0.012
		111/2	0.010	0.000	0.010	0.010
		112/5	0.010	0.000	0.008	0.008
		113/5	0.020	0.000	0.005	0.005
		27/5	0.051	0.000	0.051	0.051
		29/5	0.003	0.000	0.003	0.003
		30/5	0.024	0.000	0.024	0.024
	योग . .		0.700	0.000	0.187	0.187
12	लालसिंह, केशरसिंह, राजाराम पिता जगन्नाथ जाति लोड़ा.	5/5	1.000	0.000	0.020	0.020
		7/5	0.100	0.000	0.010	0.010
		7/6	0.100	0.000	0.010	0.010
		84/6	0.180	0.036	0.000	0.036
		86/6	0.310	0.000	0.089	0.089
		107/6	0.010	0.000	0.008	0.008
		108/6	0.012	0.000	0.012	0.012
		111/3	0.010	0.000	0.009	0.009
		112/6	0.020	0.000	0.008	0.008
		113/6	0.080	0.000	0.005	0.005
	योग . .		1.822	0.036	0.171	0.207
13	अयोध्याबाई बेवा श्री लाल रमेश पिता श्रीलाल जाति चमार.	18/1	0.104	0.000	0.104	0.104
		127/1	0.124	0.000	0.124	0.124
		128/1	0.015	0.000	0.015	0.015
		152/1	0.357	0.357	0.000	0.357
	योग . .		0.600	0.357	0.243	0.600
14	बद्रीलाल पिता हरिसिंह जाति चमार	18/2	0.104	0.000	0.104	0.104
		123/2	0.146	0.000	0.146	0.146
		127/2	0.123	0.000	0.123	0.123
		128/2	0.126	0.000	0.016	0.016
		50/1/2	0.657	0.000	0.657	0.657
		152/2	0.358	0.000	0.358	0.358
	योग . .		1.514	0.000	1.404	1.404

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
15	कंचरलाल पिता भोनीसिंह जाति लोड़ा	25/5/3	0.060	0.000	0.040	0.040
		43/2/3	0.150	0.000	0.014	0.014
		44/5/1	0.150	0.000	0.018	0.018
		45/5/3	0.230	0.021	0.000	0.021
		82/5/3	0.230	0.023	0.000	0.023
		83/1/5/3	1.160	0.000	0.017	0.017
	योग . .		1.980	0.044	0.089	0.133
16	कन्हैयालाल पिता भंवरलाल जाति लोड़ा	50/6/2	0.696	0.415	0.000	0.415
		153/2	0.080	0.000	0.042	0.042
		154/2	0.080	0.000	0.017	0.017
		155/2	0.020	0.000	0.131	0.131
		156/2	0.520	0.000	0.034	0.034
		157/2	0.520	0.000	0.300	0.300
		159/13/2	0.930	0.050	0.000	0.050
		159/14/1	0.555	0.551	0.000	0.551
	योग . .		3.401	1.016	0.524	1.540
17	बद्रीलाल करणसिंह पिता कालु जाति लोड़ा	138/2	2.310	0.000	0.860	0.860
		149/2	0.060	0.000	0.060	0.060
		31/2	0.170	0.000	0.048	0.048
		33/2	0.360	0.000	0.092	0.092
		136/2	0.030	0.000	0.006	0.006
		137/2	0.090	0.000	0.019	0.019
	योग . .		3.020	0.000	1.085	1.085
18	गंगाराम भवासिंह, शंकर, प्रंम दोली, सोरम पिता घीसा, जाति लोड़ा	50/7	2.238	0.000	1.896	1.896
	योग . .		2.238	0.000	1.896	1.896
19	गंगाराम पिता श्रीलाल भुमि स्वामी, जाति लोड़ा	25/6	0.195	0.000	0.040	0.040
		43/3	0.041	0.000	0.041	0.041
		44/6	0.054	0.000	0.010	0.010
		45/6	0.065	0.000	0.013	0.013
		82/6	0.071	0.014	0.000	0.014
		83/1/6	0.048	0.048	0.000	0.048
	योग . .		0.474	0.062	0.104	0.166

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
20	मांगीलाल पिता गंगाराम भूमि स्वामी	25/6/1	0.040	0.000	0.040	0.040
		43/3/1	0.080	0.000	0.080	0.080
		44/6/1	0.011	0.000	0.011	0.011
		45/6/1	0.013	0.000	0.013	0.013
		82/6/1	0.014	0.000	0.014	0.014
		83/1/6/1	0.090	0.000	0.090	0.090
		83/2/1	0.110	0.000	0.110	0.110
		योग . .	0.358	0.000	0.358	0.358
21	प्रभुलाल पिता गंगाराम भूमि स्वामी	25/6/2	0.040	0.000	0.040	0.040
		43/3/2	0.080	0.000	0.080	0.080
		44/6/2	0.011	0.000	0.011	0.011
		45/6/2	0.013	0.000	0.013	0.013
		82/6/2	0.014	0.000	0.014	0.014
		83/1/6/2	0.091	0.000	0.091	0.091
		83/2/2	0.110	0.000	0.110	0.110
		योग . .	0.359	0.000	0.359	0.359
22	रमेश पिता गंगाराम भूमि स्वामी	25/6/3	0.039	0.000	0.039	0.039
		43/3/3	0.080	0.000	0.080	0.080
		44/6/3	0.011	0.000	0.011	0.011
		45/6/3	0.013	0.000	0.013	0.013
		82/6/3	0.014	0.000	0.014	0.014
		83/1/6/3	0.091	0.000	0.091	0.091
		83/2/3	0.110	0.000	0.110	0.110
		योग . .	0.358	0.000	0.358	0.358
23	रामबगस पिता गंगाराम भूमि स्वामी	25/6/4	0.039	0.000	0.039	0.039
		43/3/4	0.090	0.000	0.090	0.090
		44/6/4	0.011	0.000	0.011	0.011
		45/6/4	0.013	0.000	0.013	0.013
		82/6/4	0.015	0.000	0.015	0.015
		83/1/6/4	0.091	0.000	0.091	0.091
		83/2/4	0.110	0.000	0.110	0.110
		योग . .	0.369	0.000	0.369	0.369
24	गोरधन मांगीलाल रंगलाल हेमराज पिता मनीराम जाति लोड़ा	41	0.190	0.000	0.051	0.051
		68/3	0.660	0.000	0.038	0.038
		83/1/3	0.400	0.000	0.049	0.049
		योग . .	1.250	0.000	0.138	0.138

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
25	घीसालाल पिता लालसिंह जाति लोड़ा	34/1	0.070	0.000	0.019	0.019
		68/1/3	0.170	0.000	0.010	0.010
		73/166/1/3	0.040	0.000	0.010	0.010
		82/1/2	0.100	0.000	0.017	0.017
		83/1/1/4	0.060	0.000	0.012	0.012
		144/1	0.410	0.000	0.410	0.410
		25/1/4	0.050	0.000	0.050	0.050
		44/1/4	0.013	0.000	0.013	0.013
		47/1/4	0.077	0.000	0.077	0.077
		54/1/2	0.044	0.000	0.044	0.044
	योग . .		1.034	0.000	0.662	0.662
26	देवचन्द पिता दवीलाल, जाति लोड़ा	34/2	0.060	0.000	0.019	0.019
		68/1/4	0.170	0.000	0.013	0.013
		82/1/3	0.100	0.000	0.017	0.017
		83/1/1/1	0.060	0.000	0.012	0.012
		144/2	0.410	0.000	0.041	0.041
	योग . .		0.800	0.000	0.102	0.102
27	नारायण पिता भंवरलाल जाति लोड़ा	153/3	0.160	0.042	0.000	0.042
		154/3	0.130	0.000	0.017	0.017
		155/1	0.250	0.000	0.131	0.131
		156/3	0.170	0.034	0.000	0.034
		157/3	0.530	0.000	0.300	0.300
		159/15/2	4.000	0.000	0.550	0.550
	योग . .		5.240	0.076	0.998	1.074
28	पुभुनारायण कन्हैयालाल पिता भंवर लाल	16	0.060	0.000	0.030	0.030
	हि. 1/2 करनसिंह, बापू रीताबाई पिता	17	1.000	0.000	0.253	0.253
	मांगीलाल बरजी बेवा मांगीलाल भागीरथ	36	2.190	0.316	0.000	0.316
	भूमि स्वामी, राजुबाई फूलसिंह म.बा.स.र.प.	40	0.620	0.000	0.164	0.164
	भाई करनसिंह जाति लोड़ा	78	0.690	0.101	0.000	0.101
	योग . .		4.560	0.417	0.447	0.864
29	प्रभु नारायण कन्हैया शैतानबाई पिता	19	1.690	0.000	0.304	0.304
	भंवरलाल हि, बराबर जाति लोड़ा	46/1	0.174	0.174	0.000	0.174
	योग . .		1.864	0.174	0.304	0.478
30	प्रभुलाल पिता भंवरलाल जाति लोड़ा	50/6/1	1.391	0.695	0.000	0.695
		153/1	0.126	0.000	0.042	0.042
		154/1	0.500	0.000	0.017	0.017
		155/3	0.370	0.000	0.130	0.130
		156/1	2.250	0.000	0.033	0.033
		157/1	0.520	0.000	0.300	0.300

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
		159/13/1	0.960	0.000	0.050	0.050
		159/14/2	1.220	0.500	0.000	0.500
		159/15/1	1.000	0.000	0.120	0.120
		योग . .	8.337	1.195	0.692	1.887
31	बंशीलाल पिता देवीराम जाति लोड़ा	34/3	0.060	0.000	0.019	0.019
		68/1/1	0.160	0.000	0.009	0.009
		73/166/1/1	0.050	0.000	0.008	0.008
		82/1/1	0.100	0.000	0.018	0.018
		83/1/1/2	0.050	0.000	0.012	0.012
		144/3	0.400	0.000	0.400	0.400
		1/33	1.010	0.000	1.010	1.010
		44/1/2	0.014	0.000	0.014	0.014
		25/1/2	0.050	0.000	0.050	0.050
		47/1/2	0.076	0.000	0.076	0.076
		54/1/3	0.044	0.000	0.044	0.044
		योग . .	2.014	0.000	1.660	1.660
32	बजेसिंह पिता भुनीसिंह जाति लोड़ा	25/5/2	0.060	0.000	0.040	0.040
		43/2/2	0.020	0.000	0.013	0.013
		44/5/2	0.050	0.018	0.000	0.018
		45/5/2	0.022	0.000	0.022	0.022
		82/5/2	0.140	0.024	0.000	0.024
		83/1/5/2	0.070	0.000	0.016	0.016
		योग . .	0.362	0.042	0.091	0.133
33	रामचरण पिता हरीसिंह जाति चमार	18/3	0.104	0.000	0.104	0.104
		123/3	0.145	0.000	0.145	0.145
		125/3	0.004	0.000	0.004	0.004
		127/3	0.123	0.000	0.123	0.123
		128/3	0.015	0.000	0.015	0.015
		129/3	0.098	0.000	0.098	0.098
		151/3	0.041	0.000	0.041	0.041
		152/3	0.357	0.000	0.357	0.357
		योग . .	0.887	0.000	0.887	0.887
34	दुलीचंद पिता हरिसिंह जाति चमार	18/4	0.105	0.000	0.105	0.105
		123/4	0.145	0.000	0.145	0.145
		125/4	0.003	0.000	0.003	0.003
		127/4	0.123	0.000	0.123	0.123
		128/4	0.015	0.000	0.015	0.015
		151/4	0.041	0.000	0.041	0.041
		152/4	0.357	0.000	0.357	0.357
		योग . .	0.789	0.000	0.789	0.789

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
35	मदन पिता किसना जाति लोड़ा	31/3	0.170	0.000	0.047	0.047
		33/3	0.360	0.000	0.092	0.092
		136/3	0.030	0.000	0.006	0.006
		137/3	0.120	0.000	0.019	0.019
	योग . .		0.680	0.000	0.164	0.164
36	रामसिंह पिता घीसा जाति लोड़ा	159/30	1.190	0.696	0.000	0.696
	योग . .		1.190	0.696	0.000	0.696
37	रामप्रसाद राधेश्याम रमेश आ. मांगीलाल जाति लोड़ा	31/1	0.350	0.000	0.095	0.095
		22/1	0.430	0.000	0.430	0.430
		137/1	0.190	0.000	0.038	0.038
	योग . .		0.970	0.000	0.563	0.563
38	शंकर पिता जालम, गोरधन बद्रीलाल तुलसीराम मांगीलाल भेरूलाल बापुलाल पिता रामलाल जाति लोड़ा	5/7	2.000	0.000	0.150	0.150
		84/8	1.410	0.000	0.288	0.288
		86/8	2.470	0.000	0.400	0.400
		108/8	0.030	0.000	0.100	0.100
		112/8	0.370	0.000	0.067	0.067
		113/8	0.090	0.000	0.045	0.045
		139	0.310	0.000	0.038	0.038
		27/8	0.406	0.000	0.406	0.406
		28/8	0.007	0.000	0.007	0.007
		29/8	0.007	0.000	0.007	0.007
		30/8	0.187	0.000	0.187	0.187
	योग . .		7.287	0.000	1.695	1.695
39	रमकूबाई बेवा बापूलाल जाति लोड़ा नि. ग्राम भू-स्वामी.	1/31/1	1.012	0.000	1.012	1.012
	योग . .		1.012	0.000	1.012	1.012
40	कन्हैयालाल पिता बापूलाल जाति लोड़ा नि. ग्राम भू-स्वामी.	1/31/2	2.514	0.000	2.514	2.514
	योग . .		2.514	0.000	2.514	2.514
41	अंकुश गुप्ता पिता बद्रीलाल गुप्ता जाति महाजन नि. ग्राम भू-स्वामी.	1/31/3	2.514	2.514	0.000	2.514
	योग . .		2.514	2.514	0.000	2.514

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
42	देवचंद पिता देवीलाल, बंशीलाल पिता देवीराम, घीसालाल पिता लालसिंह रोड़जी पिता गोरीलाल.	45/1	0.065	0.000	0.065	0.065
		46/1	0.174	0.000	0.174	0.174
	योग . .		0.239	0.000	0.239	0.239
43	गोरधन, मांगीलाल, रंगलाल, हेमराज पिता मनीराम जाति लोड़ा, नि. ग्राम भू-स्वामी.	25/3	0.199	0.000	0.199	0.199
		44/3	0.054	0.000	0.054	0.054
		45/3	0.065	0.000	0.065	0.065
		46/3	0.174	0.174	0.000	0.174
		47/3	0.307	0.000	0.307	0.307
		54/3	0.177	0.000	0.177	0.177
	योग . .		0.976	0.174	0.802	0.976
44	लालसिंह पिता देवीराम जाति लोड़ा नि. ग्राम भू-स्वामी.	27/6	0.051	0.000	0.051	0.051
		29/6	0.003	0.000	0.003	0.003
		30/6	0.024	0.000	0.024	0.024
	योग . .		0.078	0.000	0.078	0.078
45	देवचंद पिता देवीलाल जाति लोड़ा नि. ग्राम भू-स्वामी.	25/1/3	0.013	0.000	0.013	0.013
		44/1/1	0.050	0.000	0.050	0.050
		54/1/3	0.044	0.000	0.044	0.044
	योग . .		0.107	0.000	0.107	0.107
	कुल योग . .		74.735	7.447	24.539	31.986

भूमि के नक्शे (प्लान) आदि का निरीक्षण, अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी (राजस्व) राजगढ़, जिला राजगढ़ के कार्यालय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
तरूण कुमार पिथोड़े, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी निर्वाचन), जिला सीहोर, मध्यप्रदेश

सीहोर, दिनांक 22 सितम्बर 2016

क्र. 350-मण्डी-निर्वाचन-2016-17.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1972 की धारा 11(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, डॉ. सुदाम खाडे, कलेक्टर, जिला सीहोर मंडी अधिनियम की धारा 11(1)(घ) के अनुक्रम में म. प्र. कृषि उपज मंडी (लोकसभा तथा विधानसभा सदस्य की मंडी समिति में सदस्यता तथा प्रतिनिधि का नाम निर्देशन) नियम 2010 के अंतर्गत सीहोर जिले की कृषि उपज मंडी समिति आष्टा के लिये नियमानुसार एतद्द्वारा प्रतिनिधि नामनिर्दिष्ट करता हूं :—

क्रमांक	मण्डी का नाम	नामनिर्दिष्ट सदस्य का नाम एवं पता	मण्डी अधिनियम की धारा
(1)	(2)	(3)	(4)
1	आष्टा	श्री मानसिंह ठाकुर, आ. श्री रतनसिंह ठाकुर आयु 46 वर्ष निवासी—ग्राम इलाही पोस्ट-जसमत तह. आष्टा जिला सीहोर (म. प्र.)	धारा 11(1) (घ) के अन्तर्गत सांसद प्रतिनिधि

डॉ. सुदाम खाडे, कलेक्टर,
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी निर्वाचन)

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी निर्वाचन)—60 अलीराजपुर, जिला अलीराजपुर, मध्यप्रदेश

अलीराजपुर, दिनांक 20 जुलाई 2016

क्र. 1765-मंडी निर्वा.-2016.—एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति अलीराजपुर—60, जिला अलीराजपुर के लिये निम्नानुसार उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है :—

क्रमांक	निर्वाचित अभ्यर्थी का नाम	पदनाम जिसके लिये निर्वाचित हुए	पता
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्रीमती रेलकी बाई पति श्री रूमालसिंह	उपाध्यक्ष	ग्राम—आमला, तहसील सोण्डवा, जिला अलीराजपुर

???????, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मंडी).

आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी मध्यप्रदेश, भोपाल

(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)

भोपाल, दिनांक 23 सितम्बर 2016

क्र. -2016-विपप्र-ओएसडी.—सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 10-1-2015-1-9, दिनांक 27 मार्च 2015 द्वारा विभागीय परीक्षा की पुरानी व्यवस्था को समाप्त किया गया है. 1 जुलाई, 2015 से प्रभावशील विभागीय परीक्षा की नई व्यवस्था अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षणोपरान्त विभागीय परीक्षा का आयोजन दिनांक 9 से 13 अगस्त, 2016 को प्रशासन अकादमी के द्वारा किया गया. इस आयोजित परीक्षा के विषय-1. प्रशासनिक विधि एवं प्रक्रिया, 2. राजस्व विधि एवं प्रक्रिया, 3. दाण्डिक विधि एवं प्रक्रिया, 4. दाण्डिक विधि एवं प्रक्रिया (आदेश लेखन) 5. सिविल विधि एवं प्रक्रिया, 6. मध्यप्रदेश स्थानीय शासन—में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

क्रमांक	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
1	श्रीमती नेहा मीणा	सहायक कलेक्टर

क्र. -2016-विपप्र-ओएसडी.—सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 10-1-2015-1-9, दिनांक 27 मार्च 2015 द्वारा विभागीय परीक्षा की पुरानी व्यवस्था को समाप्त किया गया है. 1 जुलाई, 2015 से प्रभावशील विभागीय परीक्षा की नई व्यवस्था अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षणोपरान्त विभागीय परीक्षा का आयोजन दिनांक 9 से 13 अगस्त, 2016 को प्रशासन अकादमी के द्वारा किया गया. इस आयोजित परीक्षा के विषय-1. प्रशासनिक विधि एवं प्रक्रिया, 2. राजस्व विधि एवं प्रक्रिया, 3. राजस्व विधि एवं प्रक्रिया (आदेश लेखन) 4. दाण्डिक विधि एवं प्रक्रिया, 5. दाण्डिक विधि एवं प्रक्रिया (आदेश लेखन) 6. सिविल विधि एवं प्रक्रिया, 7. मध्यप्रदेश स्थानीय शासन—में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

क्रमांक	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
1	श्री क्षितिज सिंघल	सहायक कलेक्टर

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुधीर कुमार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी एवं
नोडल अधिकारी विभागीय परीक्षा.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

"निर्वाचन भवन"

58, अरेरा हिल्स, भोपाल, (मध्यप्रदेश)—462011

आदेश

भोपाल, दिनांक 26 सितम्बर 2016

क्र. एफ. 87-90-15-ग्यारह-437.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह

निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 2014" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 10 जुलाई 2014 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2014 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् हिण्डोरिया,** जिला दमोह, के आम निर्वाचन में **श्रीमती वैजयन्ती सिंह** भी अध्यक्ष पद के निर्वाचन में अभ्यर्थी थीं. नगर परिषद् हिण्डोरिया जिला दमोह के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 7 दिसम्बर 2014 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 06 जनवरी 2015 तक, **श्रीमती वैजयन्ती सिंह** को अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला दमोह के पास दाखिल किया जाना था, परन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दमोह के आयोग को प्रेषित पत्र दिनांक 10 जनवरी 2015 के संलग्न परिशिष्ट-36 के अनुसार श्रीमती वैजयन्ती सिंह द्वारा अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा ही प्रस्तुत नहीं किया गया.

विहित समयावधि में अभ्यर्थी, श्रीमती सिंह द्वारा निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने की जानकारी कलेक्टर एवं जिला अधिकारी, दमोह से आयोग को प्राप्त होने के उपरान्त आयोग की ओर से इस संबंध में अभ्यर्थी, **श्रीमती वैजयन्ती सिंह** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 25 फरवरी 2015 जारी किया गया. कारण बताओ नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

उपस्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी, **श्रीमती सिंह** को कारण बताओ नोटिस की तामीली दिनांक 18 मार्च 2015 को हुई. इस हिसाब से उनके द्वारा अपना अभ्यावेदन/जवाब दिनांक 2 अप्रैल 2015 तक प्रस्तुत करना था, जो उनके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया.

कारण बताओ नोटिस की तामीली अभ्यर्थी, **श्रीमती वैजयन्ती सिंह** को हो जाने के उपरान्त आयोग की ओर से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला दमोह से पुनः ज्ञापन दिनाक 7 अप्रैल 2015 द्वारा अभ्यर्ती **श्रीमती वैजयन्ती सिंह** द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत करने संबंधी जानकारी चाही गई.

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला दमोह के ज्ञापन दिनांक 28 सितम्बर 2015 के संलग्न प्रेषित रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया कि चूंकि अभ्यर्थी, **श्रीमती वैजयन्ती सिंह** द्वारा जवाब व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया है. अतः राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नोटिस के तारतम्य में कार्यवाही अपेक्षित है.

जिले से उक्ताशय की जानकारी आयोग को प्राप्त होने पर आयोग द्वारा सूचना पत्र दिनांक 2 सितम्बर 2015 जारी कर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु अभ्यर्थी, **श्रीमती वैजयन्ती सिंह** को आयोग कार्यालय में दिनांक 1 दिसम्बर 2015 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आहूत किया गया. नोटिस की तामीली अभ्यर्थी, **श्रीमती वैजयन्ती सिंह** को यथासमय हो चुकी थी. परन्तु न तो **श्रीमती वैजयन्ती सिंह** आयोग कार्यालय में आयोजित व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित हुईं और न ही इस संबंध में उनके द्वारा कोई अभ्यावेदन ही आयोग को भेजा गया.

अतः उपर्युक्त विवेचना से स्पष्ट है कि पर्याप्त अवसर दिए जाने के उपरांत भी अभ्यर्थी, **श्रीमती वैजयन्ती सिंह** द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखे प्रस्तुत ही नहीं किया गया. अतः इससे आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत अभ्यर्थी **श्रीमती वैजयन्ती सिंह** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा नगर परिषद्, हिण्डोरिया, जिला दमोह (म. प्र.) का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये आदेश जारी होने की तारीख से 05 (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(सुनीता त्रिपाठी)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

पर्यटन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 सितम्बर 2016

क्र. एफ 10-62-2016-तैंतीस.—राज्य शासन एतद्द्वारा मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन नीति 2016 का अनुमोदन करता है. यह नीति दिनांक 1 अक्टूबर, 2016 से प्रभावी होंगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हरि रंजन राव, सचिव.

पर्यटन नीति

1. **दृष्टि वक्तव्य** (VISION STATMENT)

"संतुलित एवं समेकित पर्यटन की ऐसी अभिवृद्धि जिससे सामाजिक एवं आर्थिक विकास संभव हो तथा मध्यप्रदेश समग्र पर्यटन अनुभव प्रदान करने वाला गन्तव्य बन सके

(To promote such balanced and sustainable tourism which enables socio economic development and establishes Madhya Pradesh as a destination that provides a complete tourism experience.)

2. सिद्धांत -

नीति के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यवाही बिन्दु (Points of Action) मुख्यत: निम्न सिद्धांतों (Principles) पर आधारित हैं :-

2.1 ऐसी संस्थागत व्यवस्था स्थापित करना, जिससे शासन द्वारा निर्धारित दिशा में निजी निवेश प्रोत्साहित हो।

2.2 समेकित पर्यटन (sustainable tourism) के लिये प्रभावी नियामक प्रक्रिया की स्थापना हो ।

2.3 पर्यटक स्वागत, सूचना, सुविधा, सुरक्षा, संरचना तथा सफाई के लिये सभी उपाय किये जायें।

2.4 धरोहरों का संरक्षण एवं पर्यटन में उपयोग किया जाये ।

2.5 ईको पर्यटन (Eco Tourism) आम-जन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता उत्पन्न करने का कारक बने।

2.6 शासकीय विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं, समुदाय तथा पर्यटन उद्योग के हितधारी पक्षों के मध्य समन्वित सक्रिय भागीदारी स्थापित हो।

2.7 पर्यटन क्षेत्र में पब्लिक-प्रायवेट पार्टनरशिप पर आधारित पर्यटक परियोजनाओं का समुचित विकास हो ।

2.8 नीति प्रभावशीलता अवधि- यह नीति जारी होने के दिनांक से प्रथमतः पॉच वर्ष की अवधि तक प्रभावशील रहेगी तथा इस अवधि में प्रारंभ/स्थापित (उत्पादन प्रारंभ/विस्तार) पर्यटन परियोजनाओं को इस नीति के प्रावधानों के अनुसार लाभ/ छूट/ रियायतें प्राप्त करने की पात्रता होगी। तथापि इस नीति के पूर्व

स्थापित होने वाली पर्यटन परियोजनाओं को लाभ/ छूट/ रियायतें तत्समय प्रचलित नीति के अनुसार प्राप्त होगी।

3. रणनीति-

उपर्युक्त सिध्दांतों तथा पर्यटन दृष्टि-वक्तव्य के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये रणनीति (**Strategy**) निम्नानुसार होगी -

3.1 निजी निवेश को आकर्षित करने के लिये स्पष्ट, पारदर्शी तथा मानक प्रक्रिया को स्थापित किया जायेगा ।

3.2 गन्तव्य के विपणन के लिये अपेक्षित अनुसंधान तथा डाटा-बेस तैयार किया जायेगा ।

3.3 पर्यटन के क्षेत्र में प्रमाणिक सांख्यिकीय डाटा-बेस तैयार करने तथा पर्यटकों से फीडबैक प्राप्त कर व्यवस्थागत सुधार की दृष्टि से युक्तियुक्त प्रणाली विकसित की जायेगी ।

3.4 अधोसंरचना यथा सड़क, पेयजल, ऊर्जा, स्वच्छता, परिवहन तथा ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन का निरंतर संधारण तथा प्रोन्नयन किया जायेगा ।

3.5 स्थानीय निकायों को पर्यटन के प्रति संवेदशील बनाकर उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी ।

3.6 मेले, स्थानीय व्यंजन, संस्कृति, वेशभूषा, उत्पाद, कला, हस्तकला तथा विरासत के विपणन के लिये ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित किया जायेगा ।

3.7 ईको पर्यटन के गन्तव्यों में प्राकृतिक संसाधनों एवं सौन्दर्य की सुरक्षा तथा संरक्षण का सर्वोपरि ध्यान रखा जायेगा।

3.8 आध्यात्मिक पर्यटन के लिये चिन्हित स्थानों के विकास की समग्र योजना तैयार की जायेगी ।

3.9 वृहद जलाशयों पर पर्यटन सुविधाओं का योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित किया जायेगा ।

3.10 पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश के विभिन्न शहरों को सड़क मार्ग (बस सेवा) तथा वायु सेवा से जोड़ने हेतु प्रभावी उपाय किये जायेंगे एवं निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित किया जायेगा।

3.11 स्थानीय प्रशासन के सहयोग तथा प्रक्रियाओं के सरलीकरण से साहसिक पर्यटन के लिये आवश्यक व्यवस्थायें स्थापित की जायेगी।

३.।2 पर्यटन उद्योग के सभी क्षेत्रों में नियोजित मानव संसाधन का ऐसा प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जायेगा ताकि प्रदेश की पर्यटन अनुकूल (Tourism friendly) छवि बन सके एवं युवाओ को रोजगार के अवसर भी मिल सकें।

3.13 निजी निवेश से पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना को बढ़ावा देने के लिये उपयुक्त स्थल चयन कर लैण्ड बैंक को (Land Bank) निरंतर बढ़ाया जायेगा।

3.14 प्रदेश में पर्यटकों को पर्याप्त एव स्तरीय आवास सुविधा प्रदान करने के लक्ष्य से स्टैंडर्ड (Standard) एवं डीलक्स (Delux) श्रेणी के होटलों की निजी निवेश से स्थापना को प्रोत्साहित किया जायेगा।

3.15 शासन के अन्य सुसंगत विभागों की कार्य योजना में "पर्यटन योजना" को सम्मिलित करने का प्रयास किया जायेगा।

3.16 निजी निवेश से हेरिटेज होटल की स्थापना को बढ़ावा देने के लिये अनुदान/ रियायतें दी जायेगी ।

3.17 Mice (Meeting, Incentive, Conference, Exhibition) पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश में निजी निवेश से कन्वेंशन सेंटर स्थापना को प्रोत्साहित किया जायेगा।

3.18 प्रदेश में होटल रिसोर्ट सहित विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना हेतु अनुदान/ रियायतें उपलब्ध करायी जायेगी।

ध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम-

प्रदेश में पर्यटन नीति को क्रियान्वित करने के लिये मैदानी स्तर पर ग्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ा की भूमिका निम्नानुसार होगी :-

4.1 निगम पर्यटन सेवायें प्रदान करते हुये संपूर्ण प्रदेश में निजी निवेश से पर्यटन सेवाओं की स्थापना, विस्तार एवं विपणन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

4.2 निगम यथा आवश्यकता अपनी इकाईयों को संचालन हेतु प्रबंधकीय अनुबंध अथवा दीर्घ अवधि की लीज पर निजी क्षेत्र को सौप सकेगा।

4.3 पर्यटन उद्योग से जुडे हितधारियों से संपर्क एवं समन्वय रखते हुये पर्यटन संवर्धन, प्रबंधन एवं संचालन संबंधी समस्या समाधान हेतु प्रभावी कदम उठाये जायेगें।

4.4 पर्यटन संभावित अविकसित नवीन क्षेत्रों में निवेश कर पर्यटन परियोजनाएं स्थापित की जायेगी तथा निजी निवेश का मार्ग प्रशस्त कर निवेशकों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा।

4.5 निगम यथा आवश्यकता अपनी इकाईयों का विस्तार करेगा एवं प्राप्त लाभ से नवीन क्षेत्रों का विकास करेगा।

4.6 प्रदेश में सत्कार प्रशिक्षण, फूड क्राफ्ट, पर्यटन प्रबंधन आदि क्षेत्रों में उच्च शिक्षा एवं अन्य कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने वाले संस्थानों यथा मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटीलिटी एंड ट्रेनिंग, फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट, स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटीलिटी एंड केटरिग टेक्नोलॉजी आदि का यथा आवश्यक विस्तार एवं सुदृढीकरण किया जायेगा।

4.7 भारत शासन, राज्य शासन एवं वित्तीय संस्थाओं से पर्यटन परियोजनाओं के लिये ऋण एवं अनुदान प्राप्त करने हेतु समस्त कार्यवाही करेगा।

4.8 पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश को आकर्षित करने, इन्वेस्टर्स फेसिलीटेशन, निवेशकों को नीति अनुसार अनुदान एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पर्यटन परियोनाओं के आकल्पन, क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग के लिये विभाग द्वारा पर्यटन विकास निगम में एक पृथक प्रभाग "पर्यटन संवर्धन एवं योजना प्रभाग" का गठन किया जायेगा। इस प्रभाग हेतु विधिवत सेटअप का निर्धारण विभाग द्वारा किया जायेगा। प्रभाग में सेटअप अनुसार आवश्यक मानव संसाधन निगम द्वारा पदस्थापित किये जायेंगे। इस प्रभाग को कार्यशील रखने के लिये आवश्यक वित्तीय संसाधन शासन द्वारा निगम को पृथक से उपलब्ध करायें जायेंगे।

5. पर्यटन परियोजनायें -

इस नीति के अंतर्गत विभिन्न सुविधायें/छूट प्राप्त करने हेतु निम्नलिखित गतिविधियों को पर्यटन परियोजना माना जायेगा। परियोजनाओं की परिभाषा, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अधिसूचनाओं के अनुसार अथवा पर्यटन विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्धारित की जायेगी।

5.1 होटल (स्टार, डीलक्स एवं स्टेण्डर्ड श्रेणी)
5.2 हेल्थ फार्मस्/ रिसोर्ट/हेल्थ एंड वेलनेस रिसोर्टस्
5.3 रिसोर्ट, केम्पिंग साइट एवं स्थायी टेंटिंग इकाईयां
5.4 मोटल एवं वेसाइड एमेनिटीज
5.5 हेरिटेज होटल
5.6 कन्वेंशन सेन्टर (MICE)
5.7 म्यूजियम/ एक्वेरियम/ थीम पार्कस्
5.8 बेड एण्ड ब्रेकफास्ट/होमस्टे इकाई
5.9 गोल्फ कोर्स
5.10 रोप-वे (Ropeway)
5.11 वाटर पार्क और वाटर स्पोर्टस
5.12 एम्यूजमेंट पार्क
5.13 केरेवॉन टूरिज्म
5.14 क्रूज टूरिज्म
5.15 हॉउस वोट
5.16 फिल्म स्टूडियो एवं फिल्म निर्माण हेतु अधोसंरचना निर्माण एवं उपकरणों की स्थापना।
5.17 एडवेन्चर स्पोर्टस्
5.18 लाईट एंड साउन्ड शो/ लेजर शो
5.19 अन्य पर्यटन संबंधी गतिविधियां जिन्हें केंद्र/राज्य शासन का पर्यटन विभाग अपनी नीति अंतर्गत अधिसूचित करे।

6. पर्यटन परियोजनाओं हेतु अनुदान-

इस पर्यटन नीति की प्रभावशीलता अवधि में स्थापित होकर प्रारंभ होने वाली पात्र पर्यटन परियोजनाओं को उनके द्वारा किये गये स्थायी पूंजीगत व्यय पर निम्नानुसार श्रेणीवार पूंजीगत अनुदान की पात्रता होगी :-

क्र	अनुदान योजना	न्यूनतम परियोजना लागत (रूपये लाख में)	स्थायी पूंजीगत व्यय पर अनुदान का प्रतिशत	अनुदान की अधिकतम सीमा (रूपये लाख में)	अन्य शर्तें
6.1	निजी स्वामित्व के हेरिटेज होटलों हेतु पूंजीगत अनुदान	300 लाख	15 प्रतिशत	200 लाख	अनुदान का भुगतान हेरिटेज होटल निर्माण के पश्चात् एक वर्ष तक संचालन करने तथा ***HRACC (Hotel and Restaurant Approval and Cclassifications Committee)*** द्वारा हेरिटेज होटल के रूप में वर्गीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरांत देय होगा।
6.2	पर्यटन विभाग द्वारा लीज पर दी गई हेरिटेज सम्पत्तियों पर हेरिटेज होटल स्थापना हेतु पूंजीगत अनुदान	1000 लाख	15 प्रतिशत	500 लाख	कंडिका 6.1 अनुसार
6.3	डीलक्स/ थ्री स्टार अथवा उच्च श्रेणी के नवीन होटल एवं रिसार्ट की स्थापना हेतु पूंजीगत अनुदान	1000 लाख	15 प्रतिशत	500 लाख	किराये पर देने योग्य एयरकंडिशंड कक्षों की न्यूनतम संख्या 50 होना आवश्यक है।
6.4	स्टेण्डर्ड श्रेणी के नवीन होटल की स्थापना हेतु पूंजीगत अनुदान	200 लाख	15 प्रतिशत	50 लाख	किराये पर देने योग्य कक्षों की न्यूनतम संख्या 25 होना आवश्यक है।

6.5	नवीन रिसार्ट एवं वेलनेस सेंटर (आयुर्वेद योग, नेचरोपेथी चिकित्सा सुविधायुक्त रिसार्ट सहित) की स्थापना हेतु पूंजीगत अनुदान	500 लाख	15 प्रतिशत	200 लाख	भारत/राज्य शासन द्वारा मान्य परिभाषा एवं मापदंडों/ मानकों के अनुसार इकाई की स्थापना आवश्यक है।
6.6	पूर्व स्थापित स्टार/ डीलक्स/ स्टेण्डर्ड श्रेणी के होटल/ रिसोर्ट/ हेरिटेज होटल के विस्तार पर पूंजीगत अनुदान ।	100 लाख	15 प्रतिशत	500 लाख	अनुदान हेतु पूर्व स्थापित इकाई में ऐसा विस्तार पात्र होगा, जिसमें आवासीय क्षमता पूर्वक्षमता से 50 प्रतिशत या अधिक बढ़ायी गयी हो।
6.7	**MICE (meetings, incentives, conference, exhibitions)** अंतर्गत 500 या अधिक सीट क्षमता वाले कन्वेंशन सेंटर/कन्वेंशन सेंटर सह होटल की स्थापना पर पूंजीगत अनुदान	2000 लाख	15 प्रतिशत	1000 लाख	यह आवश्यक होगा कि परियोजना की स्थापना कन्वेंशन सेंटर हेतु भारत शासन पर्यटन मंत्रालय द्वारा निर्धारित मापदंडों/ मानकों के अनुरूप की गयी हो। अकेले मुख्य कन्वेंशन हॉल की सीट क्षमता 500 या अधिक होना आवश्यक है।
6.8	फिल्म स्टूडियो एवं फिल्म निर्माण हेतु स्थायी अधोसंरचना निर्माण एवं उपकरणों की स्थापना/ म्यूजियम, एक्वेरियम, थीम पार्क, स्थापना पर पूंजीगत अनुदान	300 लाख	15 प्रतिशत	500 लाख	

6.9	एडवेंचर टूरिज्म, वाटर टूरिज्म, वाटर स्पोर्टस, क्रूज/हाउस बोट, नौवहन अधोसंरचना, एम्यूजमेंट पार्क, लाईट एंड साउंड शो/लेजर शो कैम्पिंग (टेन्ट सहित) हेतु स्थायी सुविधायें एवं अधोसंरचनाओं की यंत्रोपकरण सहित स्थापना	100 लाख	15 प्रतिशत	300 लाख	स्थाई सुविधा/ अधोसंरचना से आशय, प्लेटफॉर्म/ जेट्टी/ उपकरण पार्किंग साइट/ बिजली सुविधा/ जल प्रदाय/ टॉयलेट आदि जन-सुविधाओं से है।
6.10	ग्रीन फील्ड/फ्रेंचाईजी माडल पर मार्ग सुविधा (डब्ल्यू.एस.ए) की स्थापना जिसमें स्थायी पूंजीगत व्यय रूपये 50 लाख से अधिक	50 लाख	15 प्रतिशत	20 लाख	विभाग की मार्ग सुविधा केन्द्र नीति 2016 के अनुरूप निर्धारित स्थानों पर स्थापित एवं संचालित इकाईयों को पात्रता
6.11	पर्यटन विभाग से लीज पर ली गयी भूमि/ हेरिटेज परिसंपत्ति पर मूल अधोसंरचना यथा विद्युत प्रदाय, जलप्रदाय एवं सड़क सम्पर्क, सीवेज एवं जल मल निकासी अधोसंरचनाओं के निर्माण हेतु पूंजीगत अनुदान	100 लाख	25 प्रतिशत	300 लाख	
6.12	दुर्गम पर्यटन स्थलों/ वन पर्यटन क्षेत्रो में परिवहन हेतु रोप-वे अधोसंरचना का निर्माण	100	40 प्रतिशत	500	

7. वीक एण्ड टूरिज्म को बढ़ावा देना-

प्रदेश एवं देश के अन्य राज्यों के पर्यटकों को प्रोत्साहित करने एवं 'वीक एण्ड टूरिज्म' को बढ़ावा देने के लिये पर्यटकों के अपेक्षानुरूप पर्यटक सुविधाओं का उन्नयन एवं वृद्धि हेतु जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद (DTPC) को संसाधन उपलब्ध कराये जायेंगे।

8. पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क में छूट-

8.1 नई हेरिटेज पर्यटक परियोजनाओं की स्थापना के लिये प्रश्नाधीन हेरिटेज भवन के निर्मित क्षेत्रफल तथा उससे लगी अधिकतम एक हेक्टेयर भूमि के मूल्य पर पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क पर शत-प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी। यदि भवन के साथ एक हेक्टेयर से अधिक भूमि हो तो उस अतिरिक्त भू-भाग पर नियमानुसार पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क देय होगा। पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क की छूट की राशि होटल प्रारंभ होने के बाद पर्यटन विभाग द्वारा होटल स्वामी को प्रतिपूर्ति के रूप में दी जावेगी।

8.2 पर्यटन विभाग द्वारा जो शासकीय भूमि (लैंड-पार्सल, हेरिटेज प्रॉपर्टी के साथ की अनुषांगिक भूमि एवं मार्ग सुविधा केन्द्र की भूमि) पर्यटन परियोजनाओं के लिये लीज/विकास अनुबंध पर दी जाये उन पर पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क देय नहीं होगा।

9. निजी निवेश के माध्यम से पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना हेतु भूमियों/ हेरिटेज परिसंपत्तियों का आवंटन -

9.1 पर्यटन उद्देश्यों की पूर्ति एवं निजी निवेश से पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना के लिये पर्यटन विभाग को शासकीय भूमि/हेरिटेज परिसंपत्ति नि:शुल्क आवंटित कर अंतरित की जायेगी।

9.2 उपरोक्त अंतरित भूमियों/ हेरिटेज परिसंपत्तियों के निवर्तन हेतु पर्यटन विभाग की ओर से मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड अधिकृत होगा।

9.3 चिन्हित शासकीय भूमियां/ भूमि जिस पर परिसंपत्तिया निर्मित है एवं जो पर्यटन विभाग को हस्तांतरित है अथवा की जायेगी को 90

अथवा 30 वर्ष की लीज पर देने अथवा विकास अनुबंध के माध्यम से विकसित करने के संबंध में अंतिम निर्णय पर्यटन विभाग द्वारा लिया जायेगा।

9.4 निवर्तन हेतु नगरीय निकायों (नगर निगम, नगर पालिका की सीमा के अंतर्गत) क्षेत्रों में एवं प्लान एरिया में भूमि का आरक्षित मूल्य रूपये 10.00 लाख प्रति हेक्टेयर एवं उपरोक्त के अलावा अन्य क्षेत्रों में रूपये 5.00 लाख प्रति हेक्टेयर होगा।

9.5 हेरिटेज महत्व के भवनों एवं उससे लगी आनुषांगिक भूमि के निवर्तन हेतु आरक्षित मूल्य रूपये 1.00 लाख होगा। निवर्तन हेतु ऐसे हेरिटेज भवनों एवं आनुषांगिक भूमि का चिन्हांकन एवं चयन इस नीति के अंतर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति द्वारा किया जायेगा।

9.6 नीति के अंतर्गत भूमियों एवं हेरिटेज परिसंपत्तियों का निवर्तन खुली निविदा पद्धति से किया जायेगा एवं आरक्षित मूल्य पर सर्वाधिक मूल्य के प्रस्ताव को आवंटन हेतु चुना जायेगा।

9.7 उपरोक्तानुसार प्राप्त अधिकतम मूल्य की राशि एकमुश्त प्रीमियम के रूप में देय होगी तथा इसके अतिरिक्त प्रतिवर्ष इस प्रीमियम राशि के एक प्रतिशत के बराबर राशि लीज रेंट के रूप मे देय होगी।

9.8 लीज पर दी गई भूमियों से प्राप्त होने वाली निविदा राशि (प्रीमियम) एवं वार्षिक लीज रेंट की राशि, म0प्र0 पर्यटन विकास निगम द्वारा शासन से प्राप्त राशि के रूप में पृथक मद "शासकीय भूमियों का निवर्तन एवं अधोसंरचना विकास" में रखी जायेगी। यह राशि भूमियों के सर्वे, हस्तांतरण, निविदा प्रक्रिया, विद्युत/सड़क/जल प्रदाय, ऐरिया प्लानिंग, ऐरिया डेवलपमेंट, परिसंपत्तियों की सुरक्षा व अन्य आवश्यक अधोसंरचना विकास में निगम द्वारा व्यय की जा सकेगी। उक्त राशि के व्यय के संबंध में शासन द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए जाएँगें।

9.9 पर्यटन विभाग को हस्तांतरित शासकीय भूमियां/ भूमियां जिन पर परिसंपत्तियां (यथा हेरिटेज परिसंपत्ति आदि) का निजी निवेशकों को पर्यटन परियोजना स्थापना हेतु निवर्तन इस नीति के **परिशिष्ट -1** में वर्णित प्रक्रिया अनुसार मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जायेगा।

10. ईको तथा साहसिक पर्यटन-

10.1 वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अंतर्गत अधिसूचित अभ्यारण्य अथवा राष्ट्रीय उद्यान में सम्मिलित वन क्षेत्र को छोडकर संपूर्ण राज्य के वन क्षेत्रों में वन विभाग द्वारा "म०प्र० वन (मनोरंजन एवं वन्य प्रणी अनुभव) नियम-2015" के अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों का संचालन किया जायेगा। इसके अंतर्गत निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम एवं वन विभाग से संबंधित उपक्रम द्वारा संयुक्त रूप से पारदर्शी प्रक्रिया निर्धारित कर समुचित प्रयास किए जाएँगे।

10.2 कंडिका 10.1 में वर्णित अधिसूचित क्षेत्रों के अतिरिक्त अन्य संभावित स्थानों पर भी ईको एडवेंचर पर्यटन से संबंधित गतिविधियों एवं उनका स्वरूप निर्धारण करने के लिये पर्यटन विभाग अधिकृत होगा। किसी भी स्थल पर संचालित होने वाली गतिविधियों का निर्धारण स्थानीय संभावनाओं (Potential)/ आवश्यकता के अनुरूप किया जा सकेगा। इसमें कैम्पिंग, ट्रेकिंग, एंगलिंग, जलक्रीड़ा, एलिफेन्ट सफारी, सायकल सफारी, राइडिंग ट्रेल, फोटो सफारी, केनोईंग सफारी, व्हाइट वाटर राफ्टिंग, रॉक क्लाईबिंग/माउण्टेनीयरिंग, पैरा-सेलिंग/पैरा ग्लाइडिंग, हॉट एयर बलूनिंग आदि गतिविधियां शामिल की जा सकेंगी।

10.3 ईको/साहसिक पर्यटन में निजी निवेश को आकर्षित करने के लिये पर्यटन विभाग भूमि लीज पर अथवा लायसेन्स पर दे सकेगा।

10.4 ईको/साहसिक पर्यटन हेतु भूमि लीज पर देने हेतु इस नीति की कंडिका- 9 अनुसार प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

10.5 यदि भूमि पर कोई व्यापक या स्थायी स्वरूप का निर्माण आवश्यक नही है तो ऐसी भूमि लायसेंस पर भी दी जा सकेगी।

10.6 सामान्यतः लायसेंस पर दिये जाने के पूर्व भूमि पर्यटन विभाग को हस्तांतरित की जावेगी। परंतु जहां ऐसा संभव नहीं हो, वहां उसे भूमि का स्वामित्व धारण करने वाले विभाग की सहमति

(ऐसी शर्तों के साथ, जो वह विभाग निर्धारित करे) प्राप्त कर लायसेंस दिया जा सकेगा।

10.7 भूमि को लायसेंस पर दिये जाने के लिये लायसेंस की अवधि, शर्तें तथा फीस का निर्धारण, इस नीति के अंतर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति द्वारा किया जाएगा। लायसेंस की अवधि सामान्यतः 5 वर्ष से कम तथा 15 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

10.8 एक ही स्थान पर या एक से अधिक गतिविधियों के लिये विभिन्न आवेदकों को लायसेंस दिये जा सकेंगे।

10.9 ईको/साहसिक पर्यटन गतिविधियों के लायसेंस देने की प्रक्रिया आदि हेतु पर्यटन विभाग विस्तृत दिशा निर्देश तय करेगा।

11. फिल्म टूरिज्म-

11.1 फिल्म निर्माताओं को स्थानीय स्तर पर शूटिंग की अनुमति प्राप्त करने के लिये विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करने में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। पर्यटन विभाग इन निर्माताओं को शासकीय विभागों से विधि मान्य अनुमतियां प्राप्त करने के लिये आवश्यक समन्वय करेगा। यह सेवा सर्वोत्तम प्रयास के आधार पर (**On Best Effort Basis**) संबंधित निर्माता/कम्पनी को दी जा सकती है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाहियां करने के लिये पर्यटन विभाग को अधिकृत करने संबंधी आदेश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किया जायेगा।

11.2 फिल्म स्टूडियो एवं फिल्म निर्माण हेतु स्थायी अधोसंरचना निर्माण एवं उपकरणों की स्थापना पर पूंजीगत अनुदान दिया जायेगा।

11.3 मध्यप्रदेश को फिल्म शूटिंग के आदर्श गंतव्य के रूप में स्थापित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

12. राज्य पर्यटन संवर्द्धन परिषद/जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की स्थापना

12.1 राज्य स्तर पर राज्य पर्यटन **संवर्द्धन** परिषद स्थापित की जायेगी। यह परिषद माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में पर्यटन क्षेत्र

के स्टेक होल्डर्स के नामांकन से गठित होगी । परिषद का गठन, उसकी कार्य पद्धति तथा सदस्यता निर्धारित करने की कार्यवाही पृथक से की जायेगी।

12.2 प्रदेश में निजी निवेशकों को आकर्षित करने तथा स्थानीय स्तर पर गंतव्य प्रबंधन में जिला स्तर के जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदेश के कई हिस्सों में स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक एवं पर्यटन संबंधी कार्यक्रम आयोजित होते हैं। अत: प्रत्येक जिलास्तर पर जिलापर्यटन संवर्द्धन परिषद (DTPC) का गठन किया जाएगा। इस परिषद के कार्यकलाप, अधिकार, संरचना आदि के संबंध में पर्यटन विभाग विस्तृत दिशा निर्देश जारी करेगा।

13. जल पर्यटन-

13.1 नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण एवं जल संसाधन विभाग एवं मध्यप्रदेश राज्य के अंतर्गत आने वाले जल क्षेत्रों में पर्यटन सम्भाव्यत के समुचित उपयोग की दृष्टि से पर्यटन गतिविधियों के संचालन हेतु पर्यटन विभाग अधिकृत होगा।

13.2 इन जल क्षेत्रों में स्थित तटीय एवं टापूओं की उपलब्ध भूमि पर्यटन विभाग द्वारा संबंधित विभाग से हस्तांतरित करायी जाकर निजी निवेशकों को विभागीय नीति अनुसार आवंटित की जायेगी।

13.3 इन जल क्षेत्रों में वहन क्षमता (**Carrying Capacity**) को ध्यान में रखते हुए निजी निवेशकों को हाउस बोट, क्रूज, मोटर बोट एवं जल क्रीड़ा गतिविधियों के लिए लायसेंस दिए जा सकेंगे। लायसेंस देने हेतु म0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम अधिकृत होगा। जल क्षेत्र की वहन क्षमता, लायसेंस की प्रक्रिया शर्तें एवं फीस आदि निर्धारित करने हेतु इस नीति के अंतर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति अधिकृत होगी।

13.4 जल क्षेत्रों के समग्र पर्यटन नियोजन एवं अधोसंरचना विकास हेतु पर्यटन विभाग आवश्यक कार्यवाही करेगा।

14. सम्पोषणीय पर्यटन (Sustainable Tourism)-

पर्यटन स्थलों का विकास एवं प्रबंधन ऐसा होना चाहिये कि वहां पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन, स्थानीय परम्पराएं, संस्कृति एवं उत्पादों का प्रभावी संरक्षण हो। इसके लिये पर्यटन विभाग विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही विभिन्न गतिविधियों का गहन विश्लेषण कर ऐसी गतिविधियों को चिन्हित करेगा, जिनका समेकित पर्यटन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा हो तथा उन्हें रेग्युलेट करने अथवा रोकने के उपाय भी करेगा। जिन गतिविधियों का

सकारात्मक प्रभाव हो उन्हें प्रोत्साहित करने के उपाय भी किये जायेंगे। इस हेतु समुदाय की सहभागिता तथा स्थानीय स्तर पर सूचना, संचार एवं शिक्षा (Information, Education & Communication) के विभिन्न कारकों का प्रभावी उपयोग किया जायेगा। इसमें राज्य शासन के विभिन्न विभागों की संयुक्त भागीदारी की आवश्यकता होगी, जो राज्य स्तरीय पर्यटन संवर्द्धन परिषद के माध्यम से की जा सकेगी।

15. युवाओं के लिये रोजगारोन्मुखी/ कौशल विकास शिक्षण एवं प्रशिक्षण-

15.1 युवाओं के लिये रोजगारोन्मुखी/ कौशल विकास शिक्षण एवं प्रशिक्षण हेतु पर्यटन विभाग द्वारा स्थापित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेन्ट (SIHM), मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी ट्रेनिंग (MPIHT) एवं फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट(FCI) के माध्यम से युवाओं को पर्यटन उद्योग हेतु आवश्यक ट्रेड/ क्षेत्रों में शिक्षित/प्रशिक्षित किया जायेगा।

15.2 भारत शासन की कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रम सतत संचालित कर युवाओं को प्रशिक्षित किया जायेगा।

15.3 राज्य के पर्यटन उद्योग की प्रशिक्षण आवश्यकता का आंकलन कर हॉस्पिटीलिटी, एडवेन्चर टूरिज्म, केटरिंग एंड फूड क्राफ्ट, प्रबंधन एवं कौशल विकास आदि क्षेत्रों में पाठ्यक्रम तैयार कर वित्त प्रतिपोषण किया जायेगा।

15.4 मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी ट्रेनिंग (MPIHT) द्वारा सर्टिफिकेट तथा डिप्लोमा कोर्स राष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालयों की सहभागिता से कराये जायेंगे। मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी ट्रेनिंग (MPIHT) को हॉस्पीटेलिटी प्रशिक्षण के क्षेत्र मे उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित किया जायेगा तथा इस संस्थान द्वारा कौशल विकास अंतर्गत प्रशिक्षितों का प्रमाणीकरण किया जायेगा।

15.5 टूरिस्ट गाइड का चयन, प्रशिक्षण एवं प्रमाणीकरण भी MPIHT द्वारा किया जायेगा।

16. निवेशक सहायता (Investor facilitation)-

16.1 इस नीति के अंतर्गत समस्त कार्यवाहियों हेतु मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगा।

16.2 निवेश संवर्धन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसीलिटेशन कार्पोरेशन (MPTRIFAC) के सहयोग से कार्य किया जायेगा।

16.3 जिला स्तर पर निवेश संवर्धन गतिविधियों के क्रियान्वयन, समन्वय, निवेशकों को पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना हेतु जिला स्तर पर प्रदाय की जाने वाली अनुमतियों/ पंजीयन/ अनापत्ति/लायसेन्स आदि के फेसिलिटेशन हेतु महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जो "एमपी इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन एक्ट 2008" के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय साधिकार समिति के सचिव हैं, को नोडल एजेंसी नामांकित किया जायेगा।

16.4 महाप्रबंधक द्वारा पर्यटन संबंधी निवेश प्रस्ताव कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित उपरोक्त समिति के माध्यम से निराकृत कराने की व्यवस्था की जायेगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र इस हेतु आवश्यक सहयोग पर्यटन विभाग/मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

17. मार्ग सुविधा केन्द्रों का विकास-

प्रदेश में स्थित राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों एवं अन्य प्रमुख मार्गों पर योजना बनाकर लगभग प्रति 40 से 50 कि०मी० की दूरी पर उच्च स्तरीय पर्यटक सुविधाओं का विकास, पर्यटन विभाग द्वारा जारी "मार्ग सुविधा केन्द्रों (Way Side Amenities) की स्थापना एवं संचालन की नीति-2016" के अनुसार किया जायेगा।

18. पर्यटन को उद्योग का दर्जा-

प्रदेश में पर्यटन इकाईयों को उद्योगों के समान निम्नानुसार सुविधायें प्रदान की जायेगी :-

18.1 पर्यटन परियोजनाओं को विद्युत प्रदाय हेतु औद्योगिक श्रेणी में रखने हेतु प्रयास किया जायेगा।

18.2 प्रदेश में वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विकसित/ विकसित किये जाने वाले औद्योगिक क्षेत्रों/ औद्योगिक पार्कों/ इंडस्ट्रीयल सिटी/ आई०टी० पार्कस में एमेनिटीज हेतु आरक्षित भूमि पर्यटन इकाईयों की स्थापना हेतु विभागीय नीति के अंतर्गत औद्योगिक दरों पर सेवा क्षेत्र की इकाईयों के रूप मे आवंटित की जायेगी।

18.3 पर्यटन परियोजनाओं हेतु भूमियों के व्यपवर्तन पर औद्योगिक दरों पर डायवर्सन शुल्क लिया जायेगा।

18.4 पर्यटन परियोजनाओं को जल संसाधन विभाग द्वारा प्राकृतिक जल स्रोतों से औद्योगिक दरों पर जल उपयोग की अनुमति प्रदान की जायेगी।

18.5 पर्यटन परियोजनाओं हेतु निर्मित भवनों एवं भूमियों पर स्थानीय निकायों द्वारा औद्योगिक दरों पर संपत्ति कर/ विकास शुल्क आरोपित किया जायेगा।

19. समग्र पर्यटन विकास हेतु विशेष प्रयास -

19.1 मध्यप्रदेश के पर्यटन उत्पादों के विपणन एवं विज्ञापन तथा ब्रांडिंग के लिये राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय पर्यटक बाजारों तक पहुंच बनायी जायेगी।

19.2 नये पर्यटन उत्पाद विकसित करने मे गैर-सरकारी संस्थाओं, व्यावसायिक संस्थानों एवं विशेषज्ञों का सहयोग प्राप्त किया जायेगा एवं उन्हें प्रोत्साहित किया जायेगा।

19.3 डिजीटल एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म सहित संचार के सभी माध्यमों का विपणन, प्रचार एवं ब्रांडिंग में योजना बनाकर उपयोग किया जायेगा।

19.4 निजी क्षेत्र के सफल पर्यटन उद्यमियों की विशेषज्ञता एवं श्रेष्ठता का लाभ उठाया जायेगा एवं ऐसे उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जायेगा।

19.5 निजी ट्रासपोर्ट ऑपरेटर्स को पर्यटन क्षेत्रों से सम्बद्ध करते हुये गुणवत्ता पूर्ण परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा।

19.6 स्थानीय निकायों विशेषकर नगर पालिकाओं एवं नगर निगमों को हेरिटेज परिसंपत्तियों एवं अन्य पर्यटन महत्ता के स्थलों के संरक्षण एवं गुणवत्ता पूर्ण जन सुविधाओं की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा तथा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा।

19.7 देशी एवं विदेशी पर्यटकों के लिये पूर्व नियत प्रवास पैकेज (फिक्स टूर्स) विकसित किये जायेंगे एवं विपणन किया जायेगा।

19.8 विकसित/विकास संभावित पर्यटन क्षेत्रों का समुचित एवं संतुलित विकास मास्टर प्लॉन बनाकर किया जायेगा।

19.9 नई पीढ़ी में पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये शालाओं एवं महाविद्यालयों में विविध गतिविधियां संचालित की जायेगी तथा उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जायेगा।

19.10 पर्यटन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के सम्मान एवं प्रोत्साहन हेतु विभिन्न श्रेणियों मे "मध्यप्रदेश पर्यटन पुरस्कार" प्रदान किये जायेंगे।

20. पर्यटन नीति का क्रियान्वयन-

पर्यटन नीति-2016 के अंतर्गत वांछित सुविधाएं/ रियायतें/अनुज्ञप्तियां आदि देने के लिये संबंधित विभाग आवश्यक दिशा-निर्देश/अधिसूचनाएं/ नियम जारी करेंगे। इस संबंध में मत-भिन्नता अथवा कठिनाई होने पर अथवा नीति के स्पष्टीकरण/व्याख्या/ विवाद-निराकरण के प्रकरणों को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में निम्नानुसार गठित साधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा -

- प्रमुख सचिव, वित्त
- प्रमुख सचिव, पर्यटन
- प्रमुख सचिव, वन
- प्रमुख सचिव, संस्कृति
- प्रकरण से संबंधित विभागों के प्रभारी सचिव

- प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम

इसके सदस्य सचिव होंगे।

यह समिति प्रचलित नीति के अनुरूप निर्णय ले सकेगी। यह निर्णय अंतिम होगा तथा संबंधित विभाग द्वारा इसका क्रियान्वयन अनिवार्यतः किया जायेगा। यह समिति इस नीति के अंतर्गत यथा उल्लेखित दायित्वों का निर्वहन करेगी।

21. निरसन-

21.1 नवीन नीति के लागू होने के दिनांक से "पर्यटन नीति-2010 (यथा संशोधित-2014)" निरसित मान्य की जायेगी तथापि पूर्व नीति के लागू रहने की अवधि में विभिन्न अनुदानों एवं सुविधाओं हेतु पात्र इकाईयां पूर्व नीति के प्रावधानों के अंतर्गत यथा प्रस्तावित प्रक्रिया अनुसार लाभ प्राप्त कर सकेंगी।

21.2 नवीन नीति के लागू होने के दिनांक से " मध्यप्रदेश में पर्यटन विकास हेतु, पर्यटन विभाग को आवंटित शासकीय भूमियों का नीलामी द्वारा निवर्तन की नीति-2008 (यथा संशोधित-2014)" निरसित मान्य की जायेंगी।

परिशिष्ट-1

पर्यटन विभाग को आवंटित शासकीय भूमियों का नीलामी द्वारा निवर्तन की प्रक्रिया

पर्यटन नीति में उल्लेखित उद्देश्यों की पूर्ति व पर्यटन विकास के लिए, पर्यटन विभाग को आवंटित नजूल, बाह्य नजूल अथवा ग्रामीण क्षेत्र की भूमियों/हैरिटेज परिसंपत्तियों का नीलामी द्वारा निवर्तन निम्नानुसार प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा :-

1. सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदेश में प्रचलित पर्यटन नीति में उल्लेखित उद्देश्यों की पूर्ति व पर्यटन विकास के लिए पर्यटन विभाग को शासकीय भूमि/ हैरिटेज परिसंपत्ति निःशुल्क आवंटित कर अन्तरित की जाएगी।

1.1 तद्नुसार अंतरित एवं आवंटित भूमि/ हैरिटेज परिसंपत्ति के निवर्तन हेतु, पर्यटन विभाग का उपक्रम मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लि० (जिसे आगे निगम कहा जावेगा), प्रोसेस मैनेजर होगा। प्रोसेस मैनेजर के रूप में निगम द्वारा मुख्यतः व्यावसायिक सलाहकारों का चयन, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (D.P.R.) तैयार करना, अभिरूचियॉ आमंत्रित करना (E.O.I) पारदर्शी रूप से नीलामी प्रक्रिया संचालित करना आदि शामिल होगा। प्रोसेस मैनेजर (निगम) द्वारा निवर्तन हेतु आवश्यकतानुसार निविदा दस्तावेज (RFP) एवं शर्तें अथवा अभिरूचि अभिव्यक्ति (E.O.I) के दस्तावेज भी तैयार करवाए जावेंगे। निगम द्वारा उक्त दायित्वों का निर्वहन निम्नानुसार किया जाएगाः-

1.1.1 निगम को पर्यटन विभाग को अंतरित भूमि/ हैरिटेज परिसंपत्ति की पहचान, चिन्हाकन एवं उसके संबंध में निर्धारित दस्तावेजों को तैयार करने के लिये अधिकृत किया जाता है। निगम इन दस्तावेजों को तैयार करने के लिये आवश्यकतानुसार जानकारी संबंधित जिले के कलेक्टर से प्राप्त करेगा।

1.1.2 निगम द्वारा अन्तरित भूमि का स्वामित्व पर्यटन विभाग के पक्ष में राजस्व विभाग के अभिलेखों में दर्ज होने की पुष्टि उपरान्त, इस भूमि के चिन्हांकन, भू-उपयोग, रकबा, कब्जा पत्रक आदि बाबत् जानकारी तैयार कर वांछित प्रतिवेदन (परिशिष्ट-क) पर्यटन विभाग को भूमि के निवर्तन हेतु प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त करने के लिये प्रेषित किया जायेगा।

1.1.3 आवश्यकता होने पर व्यावसायिक सलाहकार का चयन निगम द्वारा किया जावेगा तथा इसके उपरान्त व्यावसायिक सलाहकार के माध्यम से प्रश्नाधीन अन्तरित भूमि पर पर्यटन विकास संबंधी गतिविधि हेतु आवश्यकता अनुसार विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (D.P.R.), निविदा दस्तावेज एवं शर्तें अथवा अभिरूचि अभिव्यक्ति आमंत्रण (E.O.I.) संबंधी दस्तावेज तैयार करवाया जायेगा।

1.1.4 निगम उपरोक्तानुसार तैयार किए दस्तावेजों में जहां आवश्यक हो, यह भी अनुशंसित कर सकेगा, कि सफल निविदाकर्ता को आधिपत्य प्राप्त करने की तिथि से एक वर्ष के भीतर कौन-कौन से कार्य भौतिक तौर पर संपादित करना अनिवार्य रहेगा। परियोजना क्रियान्वयन हेतु आवश्यक अनुमतियां, अनापत्ति आदि निवेशक को प्राप्त करना होगा।

1.2 आरक्षित मूल्य, प्रीमियम एवं भू-भाटक :-

1.2.1 नगरीय निकायों (नगर निगम एवं नगर पालिका की सीमा के अंतर्गत क्षेत्रों में रूपये 10.00 लाख प्रति हेक्टेयर की दर से आरक्षित मूल्य की गणना की जायेगी।

1.2.2 हैरीटेज महत्व के भवनों के निवर्तन के लिए भवन एवं आनुषांगिक भूमि का कुल आरक्षित मूल्य रूपये एक लाख रखा जावेगा। निवर्तन के लिए हैरिटेज भवनों एवं आनुषांगिक भूमि का चिन्हांकन एवं चयन पर्यटन नीति अंतर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति द्वारा किया जावेगा।

1.2.3 उपरोक्त कंडिका 1.2.1 में उल्लेखित भूमियों को छोड़कर शेष अन्य स्थलों पर भूमि के आरक्षित मूल्य की गणना रूपये 5.00 लाख प्रति हेक्टेयर के दर से की जायेगी।

1.2.4 मार्ग सुविधा केंद्रों की भूमि एवं भवन का निवर्तन "मार्ग सुविधा केंद्रों (Way Side Amenities) की स्थापना एवं संचालन की नीति- 2016" अनुसार किया जावेगा।

1.2.5 उक्त भूमि का भू-भाटक (Lease Rent), भूमि आवंटन हेतु स्वीकार किये गए प्रीमियम का एक प्रतिशत वार्षिक होगा।

1.2.6 भूमि पर भू-भाटक, पट्टा विलेख के निष्पादन की तारीख के बाद आने वाले मार्च महीने की 31 तारीख तक प्रथम वार्षिक लीज रेंट के रूप में लिया जायेगा, उसके पश्चात् आगामी वित्तीय वर्ष के प्रथम माह अप्रैल की 1 तारीख से पूर्ण वित्तीय वर्ष के लिये देय होगा।

2. पर्यटन विभाग से उक्त भूमि/ हैरिटेज परिसंपत्ति के निवर्तन की अनुमति प्राप्त कर, निगम के प्रबंध संचालक, अभिरूचि अभिव्यक्ति आमंत्रण (Expression of Interest)/निविदा आमंत्रण का विज्ञापन प्रसारित करेंगे। अभिरूचि अभिव्यक्ति आमंत्रण /निविदा आमंत्रण सूचना में प्रस्ताव जमा करने के लिए न्यूनतम 30 दिन का समय दिया जावेगा। यह कार्यवाही निम्नानुसार की जावेगीः-

2.1 निविदा आमंत्रण/अभिरूचि अभिव्यक्ति आमंत्रण-भूमि/ हैरिटेज परिसंपत्ति नीलामी द्वारा निवर्तन की सूचना का प्रकाशन निगम द्वारा आवश्यकतानुसार देश/प्रदेश के मुख्य समाचार -पत्रों में किया जाएगा। व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सूचना का प्रकाशन दोहराया भी जा सकेगा। अन्य विश्वसनीय तरीके से इस तथ्य का व्यापक प्रचार-प्रसार निगम द्वारा कराया जाएगा कि भूमि की बिक्री नीलामी द्वारा की जानी है। सूचना का प्रकाशन निगम/विभाग की बेवसाईट पर भी किया जाएगा।

निविदा की सूचना का प्रारूप "परिशिष्ट-ख" में संलग्न है। इस प्रारूप में परियोजना के अनुसार आवश्यक संशोधन, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जा सकेगा।

2.2. प्राप्त निविदाओं का परीक्षण

2.2.1 अभिरूचि अभिव्यक्ति आमंत्रण (E.O.I.) अथवा निविदा आमंत्रण के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों पर तकनीकी अर्हताओं का परीक्षण निम्नानुसार गठित परीक्षण समिति के द्वारा किया जायेगा:-

(i) संचालक पर्यटन संवर्धन इकाई

(ii) महाप्रबंधक (वित्त)

(iii) निगम के चार्टर्ड अकांउटेंट

(iv) व्यावसायिक सलाहकार (यदि कोई हो, तो)

2.2.2 तकनीकी अर्हताओं के परीक्षण उपरांत पात्र पाये गये निविदाकारों की वित्तीय निविदा के मूल्यांकन हेतु निम्नानुसार समिति गठित की जाती है:-

(i) प्रबंध संचालक (अथवा प्रबंध संचालक द्वारा नामांकित अपर प्रबंध संचालक / कार्यपालक निदेशक)
म0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम -अध्यक्ष

(ii) लेखा अधिकारी आयुक्त् पर्यटन कार्यालय- सदस्य

(iii) निगम के चार्टर्ड अकांउटेंट -सदस्य

(iv) व्यावसायिक सलाहकार(यदि कोई हो तो) -सदस्य

(v) संचालक पर्यटन संवर्धन इकाई -सदस्य सचिव

2.3. अभिरूचि अभिव्यक्ति आमंत्रण (E.O.I.) के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों के परीक्षण हेतु उक्त समिति द्वारा इस परियोजना विशेष हेतु नियुक्त व्यावसायिक सलाहकार का अभिमत प्राप्त

कर **Pre-condition/Eligibility Criterion** के मापदण्ड निर्धारित करेगी। इन मापदण्डों के आधार पर मूल्यांकन समिति (**E.O.I.**) के तहत प्राप्त प्रस्तावों के परीक्षण उपरान्त पात्र इच्छुक आवेदकों के मध्य निर्धारित निविदा शर्तों एवं प्रावधानों के तहत वित्तीय प्रस्ताव बुलाए जाने की कार्यवाही करेगी। इस परीक्षण के तहत पात्र पाए गए इच्छुक आवेदकों को **Request For proposal** दस्तावेज प्रेषित किया जाकर, इन पात्र आवेदकों के मध्य सीमित प्रतिस्पर्धा के तहत निर्धारित निविदा शर्तों एवं प्रावधानों के अनुसार प्रस्ताव प्राप्त किए जा सकेंगे।

2.4. (**E.O.I.**) अथवा सीधे निविदा आमंत्रण से प्राप्त वित्तीय प्रस्तावों का आवश्यक परीक्षण उक्त "मूल्यांकन समिति" करेगी तथा उपरोक्त वित्तीय प्रस्ताव अपनी अनुशंसा सहित प्रशासकीय विभाग को परिशिष्ट-3 में अपना प्रतिवेदन निर्णय हेतु प्रस्तुत करेगी।

2.5 "मूल्यांकन समिति" के वित्तीय प्रस्ताव प्राप्ति के 45 दिन के भीतर प्रशासकीय विभाग प्रस्ताव स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के संबंध में अंतिम निर्णय लेकर पर्यटन निगम को सूचित करेगी अन्यथा उच्चतम प्रस्तावदाता को यह अधिकार होगा कि उसके द्वारा जमा कराई गई धरोहर राशि वापस लेते हुए निविदा से बाहर हो जाए।

2.6 प्रथम उच्चतम के अलावा शेष प्रस्तावदाताओं की धरोहर राशि निगम द्वारा भेजे गये वित्तीय प्रस्ताव पर राज्य सरकार से प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त होने के तत्काल बाद वापस कर दी जायेगी।

2.7 निगम द्वारा राज्य शासन से निविदा स्वीकृति की सूचना प्राप्त होने पर निगम सफल निविदाकार को इस स्वीकृति की सूचना देगा। उक्त सूचना प्राप्त होने के 90 दिन के भीतर (धरोहर राशि समायोजन पश्चात्) शेष राशि उच्चतम प्रस्तावदाता को जमा करना आवश्यक होगा। 90 दिन के भीतर राशि न जमा कराने पर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से न्याय हित में अधिकतम 3 माह का समय और दिया जावेगा।

2.8 यदि निर्धारित समयावधि में उच्चतम प्रस्तावदाता द्वारा शेष राशि जमा नहीं की जाती है तो युक्ति-युक्त कारण के साथ राशि जमा करने हेतु एक अवसर विशेष अनुमति स्वरूप एक माह का अंतिम समय दिया जायेगा। यदि उक्त समय में भी शेष राशि जमा नहीं की जाती तो धरोहर राशि राजसात करते हुए आबंटन कार्यवाही निरस्त कर दी जाएगी और भूमि की पुनः नीलामी की जाएगी। ऐसी स्थिति में ऐसा निविदाकार पुन: नीलामी में व्यक्तिगत, भागीदारी या कंर्सोशियम के सदस्य के रूप में भाग नहीं ले सकेगा।

2.9 चिन्हित शासकीय भूमियां/ भूमि जिस पर परिसंपत्तियां निर्मित हैं एवं/ जो पर्यटन विभाग को हस्तांतरित है अथवा की जायेगी को 90/30 वर्ष की लीज पर देने अथवा विकास अनुबंध के माध्यम से विकसित करने के संबंध में अंतिम निर्णय पर्यटन विभाग द्वारा लिया जायेगा।

2.10 लीज पर दी गई भूमियों से प्राप्त होने वाली निविदा राशि एवं वार्षिक (प्रीमियम) लीज रेंट की राशि, भूमियों के निवर्तन एवं अधोसंरचना विकास हेतु निगम द्वारा पृथक मद "शासकीय भूमियों का निवर्तन एवं अधोसंरचना विकास" में रखी जायेगी।

यह राशि, भूमियों के सर्वे, हस्तांतरण, विद्युत/सड़क/जल प्रदाय, ऐरिया प्लानिंग, ऐरिया डेवलपमेंट, परिसंपत्तियों की सुरक्षा व अन्य आवश्यक अधोसंरचना विकास में निगम द्वारा व्यय की जा सकेगी।

2.11 सफल निविदाकर्ताओं से परियोजना लागत के 10 प्रतिशत के समकक्ष परफार्मेंस बैंक गारंटी प्राप्त की जायेगी, जोकि परियोजना के सफल संचालन के 3 वर्ष पश्चात् लौटाई जायेगी।

2.12 समस्त राशियां प्राप्ति उपरांत पर्यटन विभाग द्वारा उच्चतम प्रस्तावदाता के पक्ष में पट्टा विलेख निष्पादित किया जाएगा, जिसे प्रस्तावदाता स्वयं के व्यय पर भारतीय मुद्रांक अधिनियम के प्रावधानानुसार 90 दिन के भीतर पंजीकृत करवाएगा। पंजीकृत पट्टा विलेख की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि पर्यटन विभाग को प्रस्तुत किए जाने पर भूमि का कब्जा निगम द्वारा सफल निविदाकर्ता को सौंपा जाएगा।

2.13 राज्य सरकार को किसी भी प्रस्ताव को बिना कोई कारण बताए स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार होगा। इस संबंध में राज्य सरकार का अंतिम निर्णय प्रस्तावदाताओं को मान्य होगा।

2.14 निगम द्वारा निविदा दस्तावेज/E.O.I आदि में इस बात का उल्लेख किया जाएगा कि परियोजना पूर्ण करने की अवधि क्या होगी। आधिपत्य प्राप्ति की तिथि से एक वर्ष के भीतर स्थल पर सफल प्रस्तावकर्ता द्वारा आवश्यक अनुमतियां/ अनापत्तियां आदि प्राप्त कर कार्य प्रारंभ किया जायेगा। परियोजना समयावधि में पूर्ण न होने की दशा में युक्ति-युक्त कारण एवं प्रभावी कदमों के आधार पर प्रस्तावकर्ता द्वारा

आवेदन देने पर दो बार एक -एक वर्ष की अवधि के लिये समय-सीमा बढायी जा सकेगी। उक्त अवधि समाप्त होने के उपरान्त भी कार्य पूर्ण न होने की दशा में परफार्मेंस बैंक गारंटी राजसात की जा सकेगी तथा पट्टा निरस्त किया जा सकेगा और समस्त जमा राशियॉ राजसात हो जावेगी।

2.15 पट्टा विलेख निष्पादित करने के लिए पर्यटन विभाग के प्रतिनिधि के रूप में प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम अधिकृत होंगे।

2.16 निविदा धरोहर राशि (बिड सिक्योरिटी) सामान्यत: आरक्षित मूल्य के 10 प्रतिशत के समकक्ष किन्तु अधिकतम रूपये 20.00 लाख तक होगी। विशेष मामलों में यह धरोहर राशि तय करने हेतु प्रबंध संचालक अधिकृत होंगे।

2.17 पट्टा विलेख में संशोधन हेतु प्रचलित पर्यटन नीति के अन्तर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति अधिकृत होगी।

परिशिष्ट-क

<u>प्रबंध संचालक, म०प्र० पर्यटन विकास निगम, भोपाल का प्रस्ताव</u>

(संदर्भ कंडिका 1.1.2)

क्रमांक..... दिनांक.....

पर्यटन विभाग को प्रदेश में प्रचलित पर्यटन नीति में, उल्लेखित उद्देश्यों की पूर्ति एवं पर्यटन विकास के लिए खसरा नम्बर/नजूल शीट नम्बर..... रकबा.....

तहसील.....जिला .....पर प्रतिस्थापित होने वाली भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति नि:शुल्क आवंटित की गई है। कलेक्टर जिला,.....के द्वारा इस भूमि का अन्तरण पर्यटन विभाग को किया गया है। पर्यटन विभाग द्वारा राज्य पर्यटन विकास निगम को प्रोसेस मैनेजर नियुक्त किया गया है, तद्नुसार निगम द्वारा निवर्तन संबंधी सम्पूर्ण प्रक्रिया/ संपन्न करने हेतु प्रशासकीय विभाग को अनुमोदन हेतु यह प्रस्ताव प्रेषित है।

2. समस्त अभिलेखो के परीक्षण एवं उपलब्ध जानकारी के आधार पर पर्यटन विभाग को आवंटित निम्नानुसार भूमियों के/ हैरिटेज परिसंपत्तियों चक (ब्लॉक) को निजी निवेश के माध्यम से नीलामी द्वारा निवर्तन के लिये उपयुक्त पाया गया:-

स.क्र.	राजस्व ग्राम जहां भूमि का चक स्थित है।	इस चक में शामिल खसरा नं. एवं रकबा	क्षेत्रफल एवं नोईयत(खसरा पांच साला, P-II form के कालम नम्बर 2की प्रविष्टि) (खसरा नम्बर वार)	भूमि के चक की चतुर सीमा/ एवं उस पर स्थित हैरिटेज परिसंपत्ति का ब्यौरा	कब्जेदार/भूमि स्वामी का नाम एवं विवरण (खसरा पांच साला, P-II form के कालम नम्बर 3की प्रविष्टि)	कैफियत विवरण (कालम नं. 12 की प्रविष्टि)	भूमि/ हैरिटेज परिसंपत्ति की वर्तमान में, मौके की स्थिति
1	2	3	4	5	6	7	8

3. उपरोक्त बिन्दु 2 में उल्लेखित भूमियों के चक का/ हैरिटेज परिसंपत्ति का प्रदेश में प्रचलित पर्यटन नीति में उल्लेखित उद्देश्यो की पूर्ति एवं पर्यटन विकास हेतु, नीलामी से निवर्तन बाबत् उपयुक्तता के संबंध मे विश्लेषणात्मक टीप निम्नानुसार है:-

3.1	प्रदेश में प्रचलित पर्यटन नीति में उल्लेखित किस उद्देशयों की पूर्ति हेतु, किस प्रकार की पर्यटन विकास संबंधी गतिविधि प्रशनाधीन भूमि पर संचालित की जाना प्रस्तावित है:-	.....
3.2	भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति के चक में आने वाले खसरा नं. का नगर विकास योजना में चिन्हांकित भू-उपयोग..... (यदि हो तो)	.....
3.3	भूमि/ हैरिटेज परिसंपत्ति पट्टा विलेख की अवधि	.....
3.4	भूमि/ हैरिटेज परिसंपत्ति का आरक्षित मूल्य	....
3.5	भूमि पर वसूल योग्य वार्षिक भू-भाटक/भू-राजस्वः	....
3.6	सीमांकन, स्टेशन सर्वे उपरान्त, मौके पर भूमि की चतुर सीमाओं का चिन्हितिकरण किया गया है या नहीं।	
3.7	भूमि की/ हैरिटेज परिसंपत्ति की लोकेशन, क्षेत्रफल एवं महत्व को देखते हुए, इसके आवंटन हेतु निविदा में भाग लेने वाले आवेदकों/निविदाकारों की प्रस्तावित नेटवर्थ रूपये	

	में (प्रति हेक्टेयर रूपये एक करोड अधिकतम के मान से)	
3.8	निविदा दस्तावेज एवं निविदा शर्तों का प्रारूप संलग्न है अथवा नहीः	
3.9	निविदा आमंत्रण (**NIT**) सूचना का प्रारूप संलग्न है अथवा नहीं:-	
3.10	संलग्न निविदा दस्तावेज की तकनीकी निविदा में उल्लेखित प्रमुख प्रावधानों एवं प्रमुख निविदा शर्तों का विवरण संलग्न है या नहीं	
3.11	अन्य सुसंगत दस्तावेज यदि कोई हो तो उनका उल्लेख	

4. उक्त भूमियों के परीक्षण के दौरान नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से भू-उपयोग संबंधी जानकारी, विस्तृत सीमांकन प्रतिवेदन, भूमि का स्पष्ट नजरी नक्शा (लोकेशन प्लान,) खसरा नकल एवं नक्शा, अक्स एवं अन्य अभिलेख/सहपत्र (अगर कोई हो तो) संलग्न है।

5. अतः उपरोक्तानुसार बिन्दु क्रमांक 2 की तालिका में उल्लेखित भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति सभी विवादों से मुक्त होकर पर्यटन विभाग के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमियॉ/परिसंपत्तियां है। इन भूमियों/परिसंपत्तियों का पर्यटन संबंधी गतिविधियों के तहत नीलामी से निवर्तन की अनुशंसा की जाती है।

भोपाल- प्रबंध संचालक

दिनांक- मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमि.

भोपाल

परिशिष्ट-ख

कार्यालय प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम,लि० भोपाल

(देखे कंडिका 2.1)

भूमि/ हैरिटेज परिसंपत्ति के निवर्तन हेतु निविदा की सूचना

म०प्र० शासन की नीति अनुसार नीचे दर्शाए गए विवरण अनुसार पर्यटन विभाग के स्वामित्व की भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति की प्रतिस्पर्धात्मक निविदा पद्धति से नीलाम किया जाना है:-

1. जिला .....
2. तहसील.....
3. पटवारी हल्का नं.....
4. वार्ड क्रमांक (नगरीय क्षेत्र में).....
5. स्थल.....

भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति का विवरण

स.क्र.	खसरा क्रमांक/नजूल शीट क्रमांक एवं भूमि क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर/वर्गमीटर) / एवं निर्मित /हैरिटेज परिसंपत्तियां	प्रयोजन	लीज की अवधि	आरक्षित मूल्य	वार्षिक लीज रेंट
1	2	3	4	5	6	7

8. निविदा शुल्क .....

9. धरोहर राशि.....

निविदा संबंधी विवरण शर्तें प्रक्रिया आदि वेब-साइट ..... से डाउनलोड किये जा सकते है।

प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड
भोपाल

परिशिष्ट- ग

निविदा दस्तावेजों का परीक्षण एवं वित्तीय निविदा मूल्यांकन प्रतिवेदन
(संदर्भ कंडिका 2.2.2 एवं 2.4)

पर्यटन विभाग के स्वामित्व की भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति जो जिला ..... तहसील ..... ग्राम..... के खसरा नम्बर/ नजूल शीट क्रमांक ..... एवं रकवा ..... पर प्रतिस्थापित है, पर पर्यटन विकास संबंधी ..... गतिविधियों हेतु, तैयार की गई परियोजना के तहत, नीलामी से निवर्तन की अनुमति मध्यप्रदेश शासन, पर्यटन विभाग के पत्र क्रमांक ..... दिनांक ..... द्वारा प्राप्त हुई हैं। तद्नुसार निर्धारित पर्यटन संबंधी गतिविधि हेतु उक्त भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति की नीलामी के लिए परियोजना का उल्लेख करते हुए निविदा आमंत्रण सूचना (एन०आई०टी०) दिनांक..... को पर्यटन विभाग द्वारा अनुमोदित प्रारूप में, समाचार पत्रों ..... में प्रकाशित की गई। (अगर E.O.I के तहत् पात्र इच्छुक आवेदकों के मध्य सीमित

प्रतिस्पर्धा के तहत् R.F.P. दस्तावेज दिए जाकर, निविदाएँ प्राप्त की गई हों, तो तद्नुसार इस पैरा एवं अगले पैरा में आवश्यक संशोधन किए जावें। इसमें, E.O.I के तहत् प्राप्त प्रस्तावों का, किन मापदण्डों के तहत् पात्रता/अपात्रता का निर्धारण किया गया है, उसका विस्तृत विवरण दिया जावे।)

2. नीलामी सूचना का प्रकाशन राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के प्रमुख समाचार पत्रों में कराया गया साथ ही निगम की वेबसाईट..... पर अपलोड किया गया तथा निविदा दस्तावेज बेवसाईट..... पर डाउनलोड करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। निविदा प्राप्ति के लिए 30 दिवस के पश्चात् की तारीख नियत की गई।

3. (क) निविदा की प्राप्ति के लिए नियत की गई तारीख ..... को ..... बजे तक निम्नलिखित निविदाकारों की निविदायें प्राप्त हुयी:-

1.....
.....

2.....
.....

3.....
.....

(ख) उपरोक्त निविदाओं की तकनीकी पात्रता परीक्षण हेतु दिनांक ..... को ..... के कार्यालय में आयोजित परीक्षण समिति की बैठक में उपस्थित निविदाकरों के समक्ष धरोहर राशि एवं पात्रता संबंधी शर्त का परीक्षण किया गया। इस समिति की बैठक में निम्नानुसार अधिकारी उपस्थित हुए:-

1.....

.....

2.....

.....

3.....

.....

प्रत्येक निविदाकार द्वारा प्रस्तुत पात्रता संबंधी जानकारी एवं धरोहर राशि का कालमवार तुलनात्मक पत्रक, समिति द्वारा प्रमाणित इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न है। इस तुलनात्मक पत्रक के आधार पर निम्न निविदाकार तकनीकी पात्रता संबंधी शर्तों के तहत पात्र पाये गये:-

1.....

.....

2.....

.....

3.....

.....

इसी प्रकार निविदा के तकनीकी पात्रता के परीक्षण के तहत अपात्र पाये गये निविदाकरों की जानकारी मय अपात्रता के कारण सहित निम्नानुसार संलग्न है:-

स.क्र.	अपात्र पाये गये निविदाकारों का नाम एवं विवरण	अपात्रता का कारण
1	2	3

(ग) उक्त कंडिका ख में निविदाओं की तकनीकी पात्रता के परीक्षण उपरान्त पात्र पाये गये निविदाकारों का वित्तीय प्रस्ताव दिनांक ..... को, ... के कार्यालय में मूल्यांकन समिति के निम्नलिखित सदस्यों के समक्ष खोला गया। इस समय निविदाकार अथवा उनके प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

1.....

.....

2.....

.....

3.....

.....

कंडिका "ख" के तहत पात्र निविदाकारों के वित्तीय प्रस्ताव खोले जाने उपरान्त निम्नानुसार आफर मूल्य प्राप्त हुआ:-

सरल क्रमांक	निविदाकार का नाम एवं विवरण	भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति के लिये आरक्षित किया गया मूल्य (अपसेट प्राईज)	निविदाकार द्वारा ऑफर किया गया मूल्य	रिमार्क
1	2	3	4	5

4. उक्त कंडिका 3 "ख" में अपात्र पाये गयें निविदाकारों का वित्तीय प्रस्ताव नहीं खोला गया। पात्र निविदाकारों के उपरोक्त वित्तीय ऑफर के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि निविदाकार .....(नाम एवं विवरण) के द्वारा प्रश्नाधीन भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति, जो खसरा नम्बर/नजूल शीट क्रमांक एवं भूमि क्रमांक ..... कुल रकबा ..... पर प्रतिस्थापित होकर राजस्व ग्राम..... पर स्थित है, पर निर्धारित पर्यटन विकास संबंधी गतिविधि करने हेतु भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति का अधिकतम ऑफर मूल्य ..... रूपये ..... दिया है। अतः मूल्यांकन समिति सर्वसम्मति से अधिकतम ऑफर मूल्य के निविदाकार ..... (नाम एवं विवरण) के पक्ष में यह निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने की अनुशंसा करती है। (अस्वीकृति के आधार स्पष्ट कर दें)

हस्ताक्षर **प्रबंध संचालक अथवा** **नामांकित प्रतिनिधि** **म०प्र० राज्य पर्यटन विकास निगम**	**हस्ताक्षर** **लेखा अधिकारी,** **आयुक्त पर्यटन कार्यालय**
हस्ताक्षर **व्यावसायिक सलाहकार**	**हस्ताक्षर** **महाप्रबंधक (वित्त)**
निगम के चार्टर्ड **अकांउटेंट**	**संचालक** **(पर्यटन संवर्धन इकाई)**

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 1 अक्टूबर 2016

क्र. एफ 2-12-2016-अ-तेहत्तर.—राज्य शासन द्वारा परिशिष्ट-एक पर संलग्न म. प्र. इंक्यूबेशन एवं स्टार्टअप नीति, 2016 जारी की जाती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. एल. कान्ता राव, प्रमुख सचिव.

I. परिचय

मध्य प्रदेश, भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है, जो वर्ष 2014-15 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 10.2 प्रतिशत के साथ सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में से है। राज्य में हाल के वर्षों में निवेश और आर्थिक विकास में काफी इजाफा हुआ है। राज्य में एक मजबूत बुनियादी ढांचा, अनुकूल नीतिगत माहौल और औद्योगिक विकास केन्द्र विकसित हुए है, जिससे औद्योगीकरण के विकास में तेजी लाई गई है।

विनिर्माण उद्योग के लिए उच्च संभावनाओं के दृष्टिगत, मध्य प्रदेश ने उच्च तकनीक उद्योगों यथा हैवी इंजीनियरिंग, आईटी, ईएसडीएम, दूरसंचार, ऑटोमोबाईल के साथ साथ मौजूदा कपड़ा, फार्मास्यूटिकल्स, सीमेंट, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के लिए पूरे राज्य में समर्पित औद्योगिक क्लस्टरों की स्थापना कर स्वयं को एक अनुकूल गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। इस औद्योगिक विकास के परिणामस्वरूप राज्य में युवा उद्यमियों के लिए इंक्यूबेशन, प्लग और प्ले सुविधाओं की मांग उत्पन्न हुई है।

इसके अलावा, कई प्रमुख तकनीकी, प्रबंधन और अन्य व्यवसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी इंदौर, आईआईआईटीएम ग्वालियर, आईआईएम इंदौर, मैनिट भोपाल, IIITDM जबलपुर, आईआईएसईआर भोपाल, निफ्ट भोपाल, 224 इंजिनीयरिंग कॉलेज, 114 पॉलीटेक्नीक, 415 आईटीई 135 कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र(SDC) एवं अन्य व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों की उपस्थिति के कारण मध्य प्रदेश स्टार्टअप केन्द्रों के लिए एक आदर्श स्थल है। राज्य सरकार ने इन स्टार्टअप हेतु पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापार पूंजी निधि निर्मित की है।

इसलिए, मध्य प्रदेश सरकार ने भारत सरकार की 'स्टार्टअप इण्डिया' विजन के साथ तालमेल रखते हुए एक अनुकूल, अभिनव और तकनीकी उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र की परिकल्पना 'म.प्र. इंक्यूबेशन और स्टार्टअप पॉलिसी 2016' की रचना के माध्यम से राज्य के भीतर स्टार्टअप संस्कृति को पोषित एवं बढ़ावा देने हेतु की है।

II. विजन, मिशन और उद्देश्य

विजन

स्टार्टअप एवं इंक्यूबेशन केन्द्रों हेतु मध्यप्रदेश को एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए राज्य में उद्यमशीलता की संस्कृति विकसित करने हेतु एक अनुकूल पारिस्थितिक तंत्र उपलब्ध कराना।

मिशन

- 'स्टार्टअप इण्डिया' अंतर्गत भारत सरकार के प्रमुख पहल के साथ मध्य प्रदेश का तालमेल बनाने के लिए।
- राज्य में नवाचार, अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण के एक स्थायी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने के लिए।

लक्ष्य

- उद्यमिता कौशल के पोषण द्वारा राज्य में स्टार्टअप संस्कृति को मजबूत करना
- राज्य में मौजूदा इन्क्यूबेशन केन्द्रों को मजबूत बनाने के साथ साथ नई प्रौद्योगिकी व्यापार इन्क्यूबेशन केन्द्रों की स्थापना को प्रोत्साहित करना
- मध्य प्रदेश में नवीन विचारों को विकसित करने हेतु युवाओं को प्रोत्साहित और प्रेरित करना
- मध्यप्रदेश के राज्य भर में टिकाऊ और समावेशी सामाजिक आर्थिक विकास को सक्षम करने के लिए मध्यप्रदेश के युवाओं में उद्यमशीलता गतिविधियों को बढ़ावा देना
- मध्य प्रदेश राज्य के भीतर युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना और विकसित करना

III. नीति अंतर्गत केन्द्रित क्षेत्र

एक स्टार्टअप को उद्यम के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक 3 कोर नीति केन्द्रित क्षेत्रों के दृष्टिगत 'म. प्र. इंक्यूबेशन और स्टार्टअप पॉलिसी 2016' तैयार की गई है। ये नीति केन्द्रित क्षेत्र निम्नानुसार है :-

i. 'प्लग और प्ले' इन्क्यूबेशन सुविधा की उपलब्धता

ii. पूंजी सहायता और अनुदान

iii. स्टार्टअप हेन्डहोल्डिग



स्टार्टअप/उद्यमशीलता की संस्कृति को राज्य में प्रोत्साहित करने के लिए म. प्र. इंक्यूबेशन और स्टार्टअप पॉलिसी 2016 में उपरोक्त नीति अंतर्गत केन्द्रित क्षेत्रों के आधार पर, निम्नानुसार राज्यव्यापी नेटवर्क की परिकल्पना की गई है :-

अ. अभिनव इंक्यूबेशन नेटवर्क

- राज्य सरकार युवा उद्यमिओं/छात्रों को 'प्लग एण्ड प्ले' सुविधा उपलब्ध करने के लिए सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों, प्रबंधन संस्थानों और व्यावसायिक कॉलेजों के भीतर इन्क्यूबेशन केन्द्रों की स्थापना हेतु विशेष प्रयास करेगी।
- ये इन्क्यूबेशन केन्द्र एक अभिनव इंक्यूबेशन नेटवर्क विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किए जाएगे, जो होस्ट संस्थानों/इंक्यूबेटरों के मध्य एक सहयोगात्मक मंच का निर्माण करेंगा, जिसे स्टार्टअप/उद्यमिओं की जरूरतों को समझनें के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

- चुने हुए संस्थानों को उनके विषयों या विशेषज्ञता के क्षेत्र में इन्क्यूबेटरों की मेजबानी करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। एक ऑनलाइन पोर्टल सभी राज्य आधारित इन्क्यूबेटरों को एक नेटवर्क मंच पर लाने के लिए विकसित किया जाएगा।
- यह नेटवर्क शिक्षा या उद्योग क्षेत्र के राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सलाहकारों की पहचान कर उन्हें एक मंच भी प्रदान करेगा।
- यह इंक्यूबेशन नेटवर्क पूंजी सहायता, सरकार से कानूनी अनुपालन और नियामक समर्थन हेतु सहायता की पहचान करने में स्टार्टअप को हेण्डहोल्डिंग उपलब्ध कराने हेतु एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

ब. एंजल निवेशक/पूंजीवादी व्यापार नेटवर्क

- एक एंजल निवेशक/पूंजीवादी व्यापार की पहचान और चयन किसी स्टार्टअप की यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए राज्य सरकार राज्यव्यापी एंजल निवेशक/पूंजीवादी व्यापार को एक नेटवर्क स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी, जिससे वह स्टार्टअप और उनके प्रारंभिक चरण के लिए आवश्यक धन की सहायता के बीच के अंतर को समाप्त कर सके।
- यह राज्य के भीतर अनुकूल और टिकाऊ स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में मदद करेगा।
- यह नेटवर्क राज्य में स्टार्टअप के लिए एक 'त्वरक' की भूमिका भी निभाएगा।

IV. प्रोत्साहन

मध्यप्रदेश के स्टार्टअप और इंक्यूबेटरों के लिए 'म. प्र. इंक्यूबेशन और स्टार्टअप पॉलिसी 2016' अंतर्गत प्रोत्साहनों के प्रावधान 1 अक्टूबर, 2016 से 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए लागू होगें।

मध्यप्रदेश सरकार और भारत सरकार की अन्य नीतिओं/योजनाओं के अन्य लागू प्रोत्साहन (यदि पात्र हो तो) के लिए भी स्टार्टअप और इन्क्यूबेटर हकदार होगें। यह ध्यान दिया जाय कि नीचे उल्लेखित प्रोत्साहन भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रोत्साहन के अतिरिक्त होगें। हालांकि समान प्रकृति के प्रोत्साहन मध्यप्रदेश सरकार की किसी अन्य नीतिओं/योजनाओं अंतर्गत दावा नहीं किए जाएगें।

म.प्र. शासन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), विभाग इंक्यूबेटरों, स्टार्टअप, संवेगों को बढ़ावा देने के लिए और मेजबान संस्थाओं को राज्य के भीतर उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने के लिए 'उद्योग संचालनालय म.प्र." को नोडल एजेन्सी के रूप में नामित करेगा।

अ. इन्क्यूबेटरों को प्रोत्साहन

सरकार, सरकारी संस्थाओं के साथ-साथ पात्र निजी संस्थानों को, प्रमुख उद्योग संगठनों सहित इंक्यूबेटरों की स्थापना हेतु सुविधाए देगी। मेजबान संस्थाओं को इंक्यूबेटरों की स्थापना हेतु राज्य सरकार से अनुदान प्राप्ति हेतु नोडल संस्था में पंजीकरण करेगी। इंक्यूबेटरों की स्थापना का आशय व्यक्त करने वाली मेजबान संस्थाओं के चयन का निर्णय राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति द्वारा लिया जाएगा।

इन्क्यूबेटरों के रूप में चयनित मेजबान संस्था स्टार्टअप के लिए बुनियादी 'प्लग एंड प्ले' प्रदान सुविधाएं प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होगी; जैसे

- कंप्यूटर और इंटरनेट ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के साथ कार्य स्थल
- सामान्य व्यापार, प्रशासनिक और इंक्यूबेशन सुविधाएं
- प्रशिक्षण और सलाह (तकनीकी, वित्तीय, विपणन और कानूनी) इत्यादि

इंक्यूबेटरों के लिए राज्य सहायता प्रारंभिक 3 सालों के लिए प्रदान की जाएगी, जो कि प्रदर्शन के आधार पर 2 साल और बढ़ाई जा सकेगी, जिसके अंत में इनक्यूबेटर के आत्मनिर्भर होने की उम्मीद हो।

i. पूंजी अनुदान

- पात्र मेजबान संस्थाओं को इंक्यूबेटर की स्थापना हेतु किए गए स्थायी पूंजी निवेश (यंत्र, संयंत्र और उपकरणों में किया गया निवेश परंतु भूमि व भवन में किए गए निवेश को छोड़कर) के लिए अधिकतम 50 प्रतिशत का पूंजी अनुदान प्रदान किया जाएगा जो अधिकतम 50 लाख रूपए होगा।
- पूर्व स्थापित इंक्यूबेटरों को उनकी क्षमता का विस्तार करने के लिए भी उक्त सीमा तक अनुदान दिया जाएगा बशर्ते पूर्व स्थापित इंक्यूबेटरों द्वारा 2 वर्ष में क्षमता का उपयोग कर लिया जाय।

ii. संचालन सहायता

- पात्र इन्क्यूबेटरों को आवर्ती व्यय के लिए सहायता देने हेतु प्रति वर्ष वास्तविक व्यय का 50 प्रतिशत अधिकतम 5 लाख रूपए प्रति वर्ष की सीमा तक संचालन सहायता के रूप प्राप्त होगा।

iii. स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन

- पात्र इन्क्यूबेटरों को उनका संचालन आरंभ होने पर क्रय/भूमि की लीज/ कार्य स्थल/ आईटी भवन पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क की शत-प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी।

iv. सलाह हेतु सहायता

औद्योगिक मार्गदर्शकों (सीएक्सओ), प्रितष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों या संस्थानों के प्रोफेसरों से इंक्यूबेटी स्टार्टअप को सलाह प्राप्त करने हेतु, पात्र इन्क्यूबेटरों को सलाह हेतु सहायता की प्रतिपूर्ति प्रति वर्ष 2 लाख रूपए तक की सीमा तक 3 वर्ष की अवधि के लिए प्रदान की जाएगी।

v. स्टार्टअप प्रतियोगिता सहायता

नवाचार को बढ़ावा देने और एक कैरियर विकल्प के रूप में उद्यमिता में छात्रों को लामबंद करने के लिए, मेजबान संस्थाओं/इंक्यूबेटरों को वार्षिक स्टार्टअप प्रतियोगिता का आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मध्यप्रदेश में स्थापित पात्र राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, राज्य के विश्वविद्यालयों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों को स्टार्टअप प्रतियोगिता समारोह आयोजित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी, जिसमें राज्य सरकार प्रति समारोह 1 लाख रूपए की सीमा तक सहायता प्रदान करेंगी।

ब. स्टार्टअप/उद्यमिओं को प्रोत्साहन

इंक्यूबेटरों में संचालित होने वाले उद्यमिओं/स्टार्टअप को प्रोत्साहनों का लाभ पाने के पूर्व कंपनी के रूप में या एमएसएमईडी एक्ट, भारत सरकार के तहत पंजीकृत होना आवश्यक होगा।

i. ब्याज अनुदान

- पात्र स्टार्टअप को अनुसूचित बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से लिए गए ऋण के भुगतान हेतु ब्याज दर पर 8 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से 3 वर्ष हेतु 4 लाख रूपए प्रति वर्ष की अधिकतम सीमा तक ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा।

ii. लीज़ किराया अनुदान

- इंक्यूबेटरों में संचालित राज्य की स्टार्टअप इकाइयॉ लीज किराए के 25 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति के लिए, 3 साल की अवधि हेतु अधिकतम 3 लाख रूपए प्रति वर्ष की सीमा के अधीन इंक्यूबेटर को किराया अदा करने की दिनांक से पात्र होंगी।

iii. पेटेंट/गुणवत्ता संवर्धन अनुदान

- पेटेण्ट/गुणवत्ता प्रमाणपत्र सफलतापूर्वक प्राप्त करने पर प्रति पेटेण्ट/गुणवत्ता प्रमाणपत्र हेतु लागत की प्रतिपूर्ति घरेलु हेतु 2 लाख रूपए और अंतर्राष्ट्रीय हेतु 5 लाख रूपए की सीमा तक की जाएगी।
- 5 साल की नीति की अवधि के भीतर, प्रत्येक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय श्रेणी में 2 पेटेण्ट/गुणवत्ता प्रमाणपत्र पर विचार किया जाएगा।

iv. स्टार्टअप विपणन सहायता

- पात्र स्टार्टअप को बाजार में उनके उत्पाद/सेवा को शुरू करने के लिए, स्टार्टअप द्वारा एक पंजीकृत एंजल/वैंचर फण्ड/पंजीकृत इंक्यूबेटर सें न्यूनतम 25 प्रतिशत पूंजी हासिल करने पर एक बार अधिकतम 10 लाख रूपए की स्टार्टअप विपणन सहायता दी जाएगी।

v. क्रेडेंशियल विकास सहायता

- राज्य सरकार के विभागों, निगमों और राज्य एजेन्सीओं द्वारा की जाने वाली सरकारी खरीदी में स्टार्टअप को एक मंच प्रदान करने के लिए राज्य सरकार इस बात कर विचार करेगी और संभावनाओं को तलाशेगी कि किस प्रकार सेवा एवं सामग्री से संबंधित शासकीय क्रय में स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाए।

V. नीति की उपयुक्तता

म. प्र. इंक्यूबेशन और स्टार्टअप पॉलिसी 2016 निम्नानुसार क्षेत्रों में लागू होगी; यथा :-

- इंटरनेट संबंधी (IOT) / ई कॉमर्स/ मोबाईल प्रौद्योगिकी
- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी)/आईटीईएस/बीपीएम/सॉफ्टवेयर विकास
- ईएसडीएम सहित निर्माण/रोबोटिक्स/3 डी मुद्रण
- हेल्थकेयर, फार्मास्यूटिकल और कृषि प्रसंस्करण
- बॉयोकेमिकल, कृषि, खाद्य प्रौद्योगिकी एवं वस्त्र
- हरित ऊर्जा/स्वच्छ प्रौद्योगिकी/पानी और पुर्नचक्रण
- शिक्षा, सामाजिक एवं ग्रामीण उद्यमिता
- या कोई भी अभिनव विचार/ प्रौद्योगिकी जो राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति द्वारा अनुमोदित हों

VI. नीति का क्रियान्वयन

'म.प्र. इंक्यूबेशन और स्टार्टअप पॉलिसी 2016' को राज्य में क्रियान्वित करने के लिए म.प्र. शासन एमएसएमई, विभाग द्वारा नोडल एजेंसी के रूप में '"उद्योग संचालनालय म.प्र." को नोडल एजेन्सी के रूप में इस नीति के क्रियान्वयन हेतु नामित किया जाएगा।

अ. स्टार्टअप -इंक्यूबेटर (एसआई) सेल

नोडल एजेंसी के भीतर एक 'स्टार्टअप-इंक्यूबेशन (एसआई) सेल' बनाया जाएगा, जो स्टार्टअप/इन्क्यूबेटरों/मेजबान संस्थाओं को म.प्र. इंक्यूबेशन और स्टार्टअप नीति 2016 के तहत लाभ प्रदान करने हेतु सुगमता और हेण्डहोल्डिंग प्रदान करेंगा।

यह पेशेवर तरीकें से संचालित इकाई सभी स्टार्टअप/उद्यमी/इंक्यूबेटर/मेजबान संस्थान की जिज्ञासाओं, सरकार के पदाधिकारियों के साथ संपर्क, नीति क्रियान्वयन योजना में सहायता के लिए 'एक स्थान पर समाधान' के रूप में कार्य करेगी और म.प्र. इंक्यूबेशन और स्टार्टअप नीति 2016 के विपणन व ब्रांडिंग हेतु प्रतिबद्ध रहेगी।

पात्र स्टार्टअप/उद्यमी/इंक्यूबेटर/मेजबान संस्था अपना आवेदन नोडल एजेन्सी के 'स्टार्टअप-इंक्यूबेशन सेल (एसआई)' में अपने व्यापार की योजना के साथ प्रस्तुत करेंगी। नोडल एजेन्सी स्टार्टअप/उद्यमी/इंक्यूबेटर/मेजबान संस्था से प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन करेगी। नोडल एजेन्सी राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति के अनुमोदन हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

ब. राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति

इस नीति के तहत सहायता की स्वीकृति हेतु निम्नानुसार सदस्यों को समाविष्ट करते हुए एक राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति (SLIC) गठित की जाएगी:

प्रमुख सचिव एमएसएमई	-	अध्यक्ष
सचिव, वित्त विभाग	-	सदस्य
उच्च शिक्षा विभाग के नामिती	-	सदस्य
तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के नामिती	-	सदस्य
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के नामिती	-	सदस्य
प्रबंध संचालक, म.प्र. ट्रायफेक के नामिती	-	सदस्य
आवेदक से संबंधित म. प्र. शासन के विभाग के नामिती	-	सदस्य
उद्योग/उद्योग संघो से नामिती	-	सदस्य
अभिनव/निवेशक/इंक्यूबेटर नेटवर्क से अन्य नामिती, जो कि म.प्र. शासन द्वारा नामांकित किए जाएगें	-	सदस्य
उद्योग आयुक्त	-	सदस्य सचिव

- सदस्य सचिव निर्धारित समय के भीतर एक निश्चित तिथि को राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

स. राज्य स्तरीय साधिकार समिति

इस नीति के तहत सदस्यों को निम्नानुसार संदस्यों को समाविष्ट करते हुए एक राज्य स्तरीय साधिकार समिति का गठन किया जाएगा जिसमें :

मुख्य सचिव, म. प्र. शासन	-	अध्यक्ष
प्रमुख सचिव, वित्त	-	सदस्य
प्रमुख सचिव, वाणिज्यिक कर	-	सदस्य
प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास	-	सदस्य
प्रमुख सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी	-	सदस्य

प्रमुख सचिव, वाणिज्य, उद्योग और रोजगार	-	सदस्य
उद्योग आयुक्त	-	सदस्य
प्रबंध संचालक, म.प्र. ट्रायफेक	-	सदस्य
प्रमुख सचिव, एमएसएमई	-	सदस्य सचिव

राज्य स्तरीय साधिकार समिति SLIC के लिए अपील समिति होगी, जिसका किसी भी मामले में निर्णय अंतिम होगा।

साधिकार समिति का चार्टर निम्नानुसार होगा:

- परिवीक्षक और प्रासंगिक आदेशों/अधिसूचनाओं और आवश्यक संशोधन को समय पर जारी किया जाना सुनिश्चित करना
- नीतिगत मामलों के संबंध में इस नीति के किसी भी मुद्दे की व्याख्या, अंतर विभागीय समन्वय
- विभागों द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं के लिए परियोजनाओं, रूपरेखा, क्रियान्वयन के तौरतरीको को स्वीकृत करना
- म. प्र. इंक्यूबेशन और स्टार्टअप पॉलिसी 2016 का समय-समय पर महत्वपूर्ण संकेतको पर मूल्यांकन और सभी स्तरों पर क्रियान्वयन संबंधी मुद्दों को सुलझाना

VII. शब्दकोष

1. **स्टार्टअप** : किसी इकाई को 'स्टार्टअप' के रूप मान्य किया जाएगा -
   - अपने निगमन/पंजीकरण की दिनांक से 5 वर्ष तक
   - यदि किसी भी वित्तीय वर्ष के लिए उसका कारोबार 25 करोड़ से अधिक न हो
   - इकाई नवाचार और नए उत्पादों व सेवाओं का विकास की दिशा में कार्य करती हो, जो प्रौद्योगिकी या बौद्धिक संपदा के द्वारा संचालित हो।

   इसके अलावा, डीआईपीपी, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर दी गई स्टार्टअप की परिभाषा को मान्य किया जाएगा।
2. **इंक्यूबेटर** : इंक्यूबेटर एक संगठन है जो भौतिक स्थान, अधोसंरचना, वित्त पोषण नेटवर्क, सलाह/प्रशिक्षण और अन्य सामान्य सुविधाओं जैसी सुविधाओं के माध्यम से

व्यापार की सहायता हेतु स्टार्टबप के लिए एक मंच प्रदान करता है। पात्र इंक्यूबेटर मध्यप्रदेश में स्थित हो और नीति क्रियान्वयन एजेन्सी के साथ पंजीकृत हो।

3. **मेजबान संस्था (एचआई)** : मध्यप्रदेश में स्थित प्रसिद्ध इंजिनीयरिंग/प्रोद्योगिकी, प्रबंधन, व्यवसायिक संस्था और अनुसंधान व विकास संस्था, प्रमुख उद्योग संघों सहित मेजबान संस्था होगें जो इंक्यूबेशन, नवाचार, एवं उद्यमिता विकास गतिविधिओं पर ध्यान केन्द्रित करेगे।

4. **एंजल निवेशक** : एंजल निवेशक सेबी/अनुसूचित बैंक/ या प्रतिष्ठित संस्था जैसे आईआईटी/आईआईएम/डीएसटी या म. प्र. शासन से मान्यता प्राप्त इंक्यूबेटरों के साथ पंजीकृत होगा। एंजल निवेशक वह होगा, जो उद्यमिओं/स्टार्टअप को प्रारंभिक चरण हेतु स्थापना पूंजी उपलब्ध कराए।

5. **उद्यम पूंजी** : उद्यम पूंजी फण्ड द्वारा फण्ड का प्रबंध, निवेशक को उभरते विकास संभावनाओं वाले स्टार्टअप एवं लघु-मध्यम उद्यमों में हिस्सेदारी द्वारा किया जाएगा। इस प्रकार के निवेश को उच्च जोखिम और उच्च वापसी का माना जाता है।

6. **राष्ट्रीय महत्व के संस्थान** : इस श्रेणी में ऐसे संस्थान होगें, जो मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के साथ पंजीकृत है, जैसे आईआईटी, एनआईटी, स्कूल ऑफ प्लानिंग एण्ड आर्किटेक्चर, भारतीय विज्ञान शिक्षा संस्थान और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान आदि।

7. **निर्गम अनुच्छेद** : किसी भी इंक्यूबेटी को निर्गम का रास्ता संबंधित इंक्यूबेटर द्वारा निर्धारित किया जाएगा, जो कि डीआईपीपी, भारत सरकार द्वारा परिभाषित मापदंडो की तर्ज पर आधारित होगा।

I. Introduction

Madhya Pradesh, the second largest state of India, is among the fastest growing states with a 10.2% GSDP growth rate in year 2014-15.The state has gained significantly in investment and economic growth in recent years. The state has developed a robust infrastructure, conducive policy environment & industrial growth centres which has expedited the growth of industrialization.

Realizing the high potential for manufacturing industry, Madhya Pradeshhas positioned itself as a favorable destination for high tech industries including heavy engineering, IT, ESDM, telecommunications, automobiles along with existing textiles, pharmaceuticals, cement, agro & food processing based industries by establishing dedicated Industrial Clusters across the state. This industrial growth has been resulted in demand for Incubation, Plug& Play facilities for young entrepreneurs in the state.

Furthermore, the presence of numerous prominent technical, management and other professional institutes such as IIT Indore, IIITM Gwalior, IIM Indore, MANIT Bhopal, IIITDM Jabalpur, IISER Bhopal, NIFT Bhopal,224 Engineering Colleges, 114 Polytechnics, 415 ITIs, 135 Skill Development Centres (SDC) and other Vocational Training Centresmake Madhya Pradesh an ideal destination for startup hubs. The State Government has also setup a Venture Capital fund to ensure access to capital for these startups.

Therefore, aligning with Government of India's 'Startup India' vision,Government of Madhya Pradesh has envisaged creation of a conducive, innovative and technological entrepreneurial ecosystem through 'MP Incubation & Startup Policy 2016' to nurture and promote Startup culture within the state.

II. Vision, Mission & Objective

Vision

"To establish Madhya Pradesh as apreferred destination for Startups&Incubation Centres by providing an enabling ecosystem to support entrepreneurial culture in the State"

Mission

- To align Madhya Pradesh with the 'Startup India' flagship initiative of the Government of India.
- To build a sustainable ecosystem of Innovation, R&D and Manufacturing in the State.

Objective

- To strengthen the Startup culture in the State by nurturing entrepreneurial skills
- To encourage setting up of new Technological Business Incubation Centres along with strengthening existing Incubation Centres in the state
- To encourage and inspire youth to develop innovative ideas in Madhya Pradesh
- To promote entrepreneurship activities among the youth of MP to enable sustainable and inclusive socio-economic development across the state of Madhya Pradesh
- To promote and develop employment opportunities for the youth within the State of Madhya Pradesh

III. Policy Focus Areas

MP Incubation &Startup Policy 2016 is formulated with 3 core policy focus areas which are required for a startup to grow as an enterprise. These are as follows:

i. Availability of 'Plug & Play' Incubation Facility
ii. Funding Support & Incentives
iii. Startup Handholding



On the basis of these policy focus areas, MP Incubation &Startup Policy 2016 envisaged below mentioned Statewide Network to encourage Startup/Entrepreneurial culture within the state.

A. Innovative Incubation Network

- The state government would provide thrust on establishing Incubation Centres within Engineering Colleges, Management Institutes and Professional Colleges across Madhya Pradesh to provide 'Plug & Play' model facilities to young entrepreneurs/students.
- These Incubation Centres shall be promoted to develop anInnovative Incubation Network to build a collaborative platform among Host Institutions/Incubators which can be used to learn the best practices and understand the requirements of startups/entrepreneurs.
- Selected Institutes shall be encouraged to host incubators in their area of discipline or expertise. An online portal shall be developed to bring all the state based Incubators on a single network platform.
- This network shall also provide a platform to identify National/ International mentors from academia or Industry.
- This Incubation Network shall play a vital role in providing handholding to startups in identifying funding support, assistance in legal compliance and regulatory support from Government.

B. Angel Investors/Venture Capitalist Network

- The identification and selection of an Angel Investor/Venture Capitalist plays a critical role in the journey of any Startup. Therefore,state government shall encourage statewide Angel Investors/Venture Capitalist to form a network so that it can bridge the divide between startup and their early stage required funding support.
- This shall help in building conducive and sustainable startup ecosystem within the state.
- This Network shall also play a role of an 'Accelerator' for Startups in the state.

IV. Incentives

The incentives provisioned in 'MP Incubation & Startup Policy 2016' shall be applicable to Startups&Incubators in Madhya Pradesh from 1st Oct 2016 to period ending on 31st Mar 2021.

Startups &Incubators canalso be entitled for other applicable incentives (if eligible) under other policies/schemes of Govt. of Madhya Pradesh and Govt. of India. It may be noted that the below mentioned incentives shall be in addition to the incentives provided from Govt. of India.However, the same incentives cannot be claimed from any other policies/schemes of Govt. of Madhya Pradesh.

Department of Micro, Small, Medium Enterprise (MSME), Govt. of Madhya Pradesh shall nominate 'Directorate of Industries, Madhya Pradesh' as nodal agency to promote Incubators, Startups, Accelerators and to encourage Host Institutions to build entrepreneurial ecosystem within the state.

A. Incentives to Incubators

Government shall facilitate setting up of incubators in Government Institutions as well as eligible private institutions along with prominent Industry associations. TheHost Institutions in quest of grant from state government to setup Incubators shall has to be registered with the nodal agency. The selection of Host Institutions expressing intent to establish Incubators shall be decided by the State Level Implementation Committee.

Selected Host Institutions as incubators shall be responsible to provide basic 'plug & play' facilities to startups such as:

- Work space with computer and Internet Broadband Connectivity
- Common business, administrative& incubation facilities
- Training & Mentoring (Technical,Financial, Marketing & Legal) etc.

State support would be provided to incubators for initial 3 years, extendable to further 2 years based on performance at the end of which Incubator is expected to be self-sufficient.

i. Capital Assistance

- Eligible Host Institutions shall be provided capital grant of max 50% for Fixed Cost Investment (Investment made in plant, machinery &equipment but shall excludeland & building) for setting up incubator, subject to max of INR 50 lacs.

- The same limit shall be extended to existing Incubators for capacity expansion subject to the capacity utilization of the existing incubator for 2 years.

ii. Operational Assistance

- Eligible incubators shall get the support for recurring expenses as operational assistance upto 50% of actual expenses to the limit of INR 5 lacs per year.

iii. Stamp Duty & Registration

- Eligible Incubators shall be provided 100% Stamp duty& registration fee reimbursementon purchase/lease of land/Office space/IT building on commencement of their operation.

iv. Mentoring Assistance

- To provide mentorshipto incubatee startups from industry leaders (CXOs), academicians and professors of reputed national & international universities or institutes, Eligible incubators shall be provided mentoring assistance support on reimbursement basis upto a limit of INR 2 lacs per year for a period of 3 years.

v. Startup Competition Assistance

- To promote innovation and mobilize students into entrepreneurship as a career option, Host Institutions/Incubators shall be encouraged to organize annual startup competition challenges. Eligible institutes of national importance, state universities & central universities based in MP shall be supported by state government to organize startup competition fest in which state shall provide assistance upto a limit of INR 1 lacs per event.

B. Incentives to Startups/Entrepreneurs

Entrepreneurs/Startups running in the incubatorsneed to be registered as company or under MSMED Act, Govt. of India before availing incentives.

i. Interest Subsidy

- Eligible startups shall be provided interest subsidy of 8% per annum for a period of 3 years on the rate of interest paid on loans obtained from scheduled banks/financial institutions subject to the maximum limit of INR 4 lacs per year.

ii. Lease Rental Subsidy

- Reimbursement of 25% of lease rental subsidy to startup units established in the state operating from Incubators shall be eligible for a period of 3 years subject to the ceiling of INR 3 lacs per yearfrom the date of rent payment to Incubator.

iii. Patent/Quality Promotion Subsidy

- Cost reimbursement for Patent/Quality certification per unitup to a limit of INR 2 lacs for Domestic & INR 5 lacs for International Patent/Quality Certification upon successfully receivingthem.
- Within policy period of 5 years, 2 Patent/Quality Certification in each domestic and international category shall be considered.

iv. Startup Marketing Assistance

- One time startup marketing assistance of Max INR 10 lacs to eligible startups for their product/service launch in the market upon securing of min funding of 25% from a registered angel/venture funds/registered incubators by startup.

v. Credential Development Assistance

- In order to provide a platform to Startups in public procurement by State Government Departments, Corporations and State Agencies, the state government shall consider and evaluate the possibilities as tohow startups would be encouraged in govt. procurements related to services & goods. The State Government shall consider this endeavor and come up with a separate policy.

V. Policy Applicability

The MP Incubation &Startup Policy 2016 shall be applicable to following domains such as:

- Internet of Things (IoT)/ E-commerce /Mobile Technology
- Information Technology (IT)/ITeS/BPM/Software development
- Manufacturing including ESDM/Robotics/ 3-D Printing
- Healthcare, Pharmaceutical & Agri Processing
- Biochemical, Agriculture, Food technology & Textile
- Green energy/clean technology/water & recycling
- Education, Social& Rural Entrepreneurship
- Or any innovative idea/technology as approved by State Level Implementation Committee

VI. Policy Implementation

In order to implement 'MP Incubation & Startup Policy 2016' in the state, Department of MSME, Govt. of Madhya Pradesh shall nominate 'Directorate of Industries, Madhya Pradesh' as Nodal agency to implement this policy.

A. Startup-Incubator(SI) Cell

Within Nodal Agency, a 'Startup-Incubator(SI) Cell' shall be setup which shall facilitate and provide handholding to Startups/Incubators/Host Institutions to avail benefits under MP Incubation & Startup Policy 2016. Thisprofessionally run unit shallact as 'One stop solution' for all Startup/Incubators queries, liaison with Government functionaries, assist in policy implementation plan and engaged with marketing & branding of 'MP Incubation & Startup Policy 2016'.

Eligible Startup/Entrepreneur/Incubator/Host Institution shall submit its application along with its business plan to 'Startup-Incubator (SI) Cell' in Nodal agency. Nodal agency shall evaluate the proposals obtained from startups/Incubators/Host Institution. The Nodal agency shall submit a reportalong with required documentsto the State Level Implementation Committee for approval.

B. State Level Implementation Committee

Under this policy, A State Level Implementation Committee (SLIC) committee comprising following members shall be constituted for sanction of assistance:

PS MSME	-	Chairperson
Nominee of Finance	-	Member
Nominee of Higher Education	-	Member
Nominee of Technical Education &Skill Development	-	Member
Nominee of Science & Technology	-	Member
Nominee of Managing Director, TRIFAC	-	Member
Nominee of applicant's related Department of GoMP	-	Member
Nominee(s) from Industry/Industry association	-	Member
Other Nominee(s) from Innovation/Investor/Incubator Network to be nominated by Govt. of Madhya Pradesh	-	Member
Industries Commissioner, Madhya Pradesh	-	Member Secretary

- Member secretary shall be responsible to organize the SLIC meeting on a fixed date within stipulated time.

C. State Level Empowered Committee

A State Level Empowered Committee comprising following members shall be constituted under this policy:

Chief Secretary, GoMP	-	Chairperson
Principal Secretary, Finance	-	Member
Principal Secretary, Commercial Tax	-	Member
Principal Secretary, Technical Education & Skill development	-	Member
Principal Secretary, Science & Technology	-	Member
Principal Secretary, Commerce, Industry & Employment	-	Member
Industrial Commissioner	-	Member
MD MPTRIFAC	-	Member
PS MSME	-	Member Secretary

The State Level Empowered Committee shall be Appeals Committee for SLIC whose decision in any matter shall be final.

The charter of the Empowered Committee shall be:

- Monitor and ensure timely release of relevant orders/ notifications and amendment required
- Any issue of interpretation of this policy, Inter departmental co-ordination with respect to policy matters
- Approve the projects, framework, modalities of implementation for projects proposed by the department
- Time to time evaluation of MP Incubation & Startup Policy 2016 on key indicators and resolve implementation issues at all levels

VII. Glossary

1 **Startup:**An entity shall be considered as 'Startup'-

- Up to 5 years from the date of its incorporation/registration
- If its turnover for any financial years has not exceeded INR 25 Cr.
- Entity works towards innovation and development of new products & services driven by technology or Intellectual property.

Further, the definition of Startup shall be considered as decided by DIPP, Govt. of India from time to time.

2 **Incubator:**Incubator is an organization which provides a platform to startups for business support through facilities like physical space, infrastructure, funding network, mentoring/training and other common facilities.Eligible Incubators shall be based in MP and registered with policy implementing agency.

3 **Host Institutions(HI):** Host Institutions are renowned Engineering/Technology, Management, Professional Institutes and R&D Institutes including renowned Industry Associations in the state of MP which focus on incubation, innovation and entrepreneurial development activities.

4 **Angel Investors:** The Angel Investors shall be registered with SEBI/Scheduled Bank/or reputed Institution like IITs/IIMs/DST or GoMP approved Incubators. Angel Investors are who provide early stage seed funding to entrepreneurs/startups.

5 **Venture Capitals:**Venture Capitals fund manage fund from investors seeking equity stake in startups and small-medium enterprises with emerging growth potential. These type of investments are considered to be high risk & high return.

